दैनिक

आर.एन.आई.नं.- MPHIN /2012/64802

E-Mail-pariahargarjana@gmail.com

# परिहार गर्जना

संस्थापक- स्व.वीर सिंह परिहार चौका

संपादक - रामबाबू सिंह परिहार मो. 9755204916

वर्ष 13 | अंक 144 | छतरपुर, शुक्रवार 20 दिसम्बर 2024 | मूल्य 1.00 रूपये | पृष्ठ 16


# केन-बेतवा लिंक परियोजना के साकार होने से पंजाब एवं हरियाणा से भी आगे होगा बुंदेलखण्ड-मोहन यादव

## सटई में आयोजित किसान सम्मेलन सह लोक कल्याण शिविर में शामिल हुये मुख्यमंत्री, करोड़ों रुपये के विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन







छतरपुर। गुरूवार को प्रदेश के मुखिया डॉ. मोहन यादव छतरपुर जिले के दौरे पर रहे, यहां उन्होंने बिजावर जनपद अंतर्गत आने वाले सटई नगर में किसान सम्मेलन सह लोक कल्याण शिविर में उपस्थित होकर करोड़ों के विकास कार्यों का लोकार्पण तथा भूमिपूजन किया। सीएम के स्वागत में कार्यक्रम के दौरान बुंदेलखंड के प्रसिद्ध लोकनृत्य दिवारी और बुंदेली लोकगीतों की प्रस्तुति दी गई। वहीं धमना गांव में टैराकोट पद्धति से निर्मित लोई, चादर आदि की प्रदर्शनी भी लगाई, जिसका मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आगामी 25 दिसंबर को खजुराहो में आयोजित केन-बेतवा लिंक परियोजना के शिलान्यास समारोह में शामिल होने की अपील भी की।

***162 करोड़ के 18 विकास कार्यों का किया लोकार्पण***

दोपहर करीब साढ़े 3 बजे मुख्यमंत्री, सटई पहुंचे। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर सर्वप्रथम मुख्यमंत्री ने वैदिक रीति-रिवाज से 162 करोड़ के 18 विकास कार्यों का लोकार्पण और 16 करोड़ 26 लाख के 5 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। तदुपरांत उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर लगाई गई विभिन्न विभागों की प्रदर्शनियों का अवलोकन कर जानकारी ली। उनके साथ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं खजुराहो सांसद वीडी शर्मा भी मौजूद रहे। मंचीय कार्यक्रम के दौरान बिजावर विधायक राजेश शुक्ला बबलू ने मुख्यमंत्री को श्री हरि बिट्ठल भगवान की प्रतिमा और शॉल भेंटकर अभिनंदन किया। वहीं वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री तथा चंदला विधायक दिलीप अहिरवार, छतरपुर विधायक ललिता यादव, राजनगर विधायक अरविंद पटैरिया, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती विद्या अग्निहोत्री, भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रभान सिंह गौतम आदि ने मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह और पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। उद्बोधन से पहले लघु फिल्म के माध्यम से उपस्थित लोगों को केन-बेतवा लिंक परियोजना की विस्तृत जानकारी दी गई।

***विधायक राजेश शुक्ला ने सीएम के सामने रखी यह मांगें***

मुख्यमंत्री सहित अन्य उपस्थित जनप्रतिनिधियों का शब्द सुमनों से स्वागत करने के बाद बिजावर विधायक राजेश शुक्ला बबलू ने सीएम को जानकारी देते हुए बताया कि केन-बेतवा लिंक प्रोजेक्ट में बिजावर विधानसभा के 14 गांव के विस्थापित हो रहे हैं, जिसके लिए वर्तमान में 12 लाख का पैकेज दिया गया है। उन्होंने जनता की ओर से मांग करते हुए उक्त पैकेज की राशि को बढ़ाकर 15 लाख रुपए करने की मांग रखी और इस मांग को प्रधानमंत्री

**...शेष पृष्ठ 16 पर**


# यूपी के अपराधी को मंडल अध्यक्ष बनाये जाने का भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भारी विरोध

## पार्टी पर लगाया जमीनी कार्यकर्ताओं की उपेक्षा का आरोप

**अजय सिंह परिहार**

छतरपुर/हरपालपुर। मध्यप्रदेश भारतीय जनता पार्टी द्वारा अभी हाल में ही चल रहे संगठनात्मक चुनावों के तहत मंडल अध्यक्षों की घोषणा की है जिसमें छतरपुर जिले में भी मंडल अध्यक्ष बनाए गए हैं लेकिन जिले के हरपालपुर मंडल अध्यक्ष पद का मामला इन दिनों सुर्खियों में है।क्यों कि हरपालपुर मंडल अध्यक्ष पद पर जिस ब्यक्ति की नियुक्ति की गई है उन पर एक तो बाहरी होने का ठप्पा लगा हुआ है दूसरा वह आपराधिक प्रवृत्ति के होने के साथ-साथ उनका नगर में कोई प्रभाव वा अस्तित्व नहीं है। हरपालपुर नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष अजीत सिंह तोमर आज भी समीपवर्ती उ.प्र. की ग्राम पंचायत घुटई के मूल निवासी हैं तथा हरपालपुर थाने में इनके नाम धारा 323,506,बी 34 एससी एसटी के तहत मामला पंजीबद्ध है।हरपालपुर नगर के सैकड़ो समर्पित कार्यकर्ताओं की उपेक्षा कर बाहरी ब्यक्ति की मंडल अध्यक्ष पद पर घोषणा से भाजपा के निष्ठावान कार्यकर्ताओं में भारी निराषा वा रोष है।वह अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहे हैं।

उ.प्र. निवासी, आपराधिक किस्म के व्यक्ति को हरपालपुर मंडल अध्यक्ष बनाने के निर्णय से भाजपा कार्यकर्ताओं में रोष फैल गया है। यह निर्णय पार्टी की छवि को प्रभावित कर सकता है और कार्यकर्ताओं का मनोबल गिरा सकता है ।






***पूर्व कांग्रेसी एवं आपराधिक छवि के हैं मंडल अध्यक्ष***

भाजपा के जमीनी कार्यकर्ताओं का कहना है कि आपराधिक छवि वाले पूर्व कांग्रेसी और उत्तर प्रदेश निवासी व्यक्ति को हरपालपुर मंडल की कमान सौंपने से वे ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि इस निर्णय से उनकी मेहनत और समर्पण को नजरअंदाज किया गया है, जबकि एक ऐसे व्यक्ति को जिम्मेदारी दी गई है, जिनका पार्टी के प्रति म.प्र.में कोई योगदान नहीं रहा। इससे पार्टी में आंतरिक असंतोष बढ़ा है और जमीनी कार्यकर्ताओं का यह मानना है कि इस तरह के फैसले से पार्टी की छवि और आधार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

***जमीनी कार्यकर्ताओं की हुई उपेक्षा***

भा.ज.पा. ने बाहरी व्यक्ति को हरपालपुर मंडल अध्यक्ष बनाकर जमीनी कार्यकर्ताओं की भारी उपेक्षा की है, इस बात को लेकर पार्टी के स्थानीय कार्यकर्ताओं में असंतोष व्याप्त है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि जो व्यक्ति लंबे समय से पार्टी के लिए काम कर रहे थे, उन्हें दरकिनार कर किसी बाहरी व्यक्ति को यह महत्वपूर्ण पद सौंपने से उनकी मेहनत और योगदान को नजरअंदाज किया गया है। इससे पार्टी के भीतर निराशा और असंतोष का माहौल बन गया है, और कई कार्यकर्ताओं का मानना है कि इस फैसले से पार्टी की जड़ें कमजोर हो सकती हैं, क्योंकि

**...शेष पृष्ठ 16 पर**

## विद्यालय से सीसीटीवी कैमरा नहीं की चोरी की रिपोर्ट

परिहार गर्जना न्यूज। लवकुशनगर। जनपद शिक्षा केंद्र अंतर्गत शासकीय एकीकृत शाला



ज्योराहा में गतवर्ष शाला में लगभग 30 हजार की लागत से सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे जिसमें शाला में पदस्थ शिक्षको से जानकारी ली गई तो बताया कि शाला में 6 कैमरे लगाए गए थे 2 चोरी हो गए अब इसमें गजब की बात तो ये है कि शासकीय सामान की चोरी हो जाती है और थाने में रिपोर्ट भी दर्ज नहीं कराई जाती है कैमरा चोरी को लेकर स्टाफ में ही कई तरह की बाते चल रही है तो वही शाला में पदस्थ शिक्षको ने बताया कि सितंबर माह से प्राचार्य का प्रभार खाली पड़ा है लेकिन आज दिनांक तक जिला या संकुल ऐसा आदेश नहीं हुआ कि प्राचार्य बनाए जाए लेकिन शाला में सीनियर, जूनियर प्राचार्य बनाने की तना तनी चल रही है।

## खजुराहो के शिल्पग्राम परिसर में आयोजित

### स्वरानन्द कार्यक्रम में गूंजे पुराने नगमे

**तुलसीदास सोनी**

परिहार गर्जना न्यूज। खजुराहो के शिल्पग्राम परिसर स्थित मुक्ताकाशी मंच पर इंदौर के आर्केस्ट्रा ग्रुप कलाकारों द्वारा 42 वां संस्करण स्वरानन्द समारोह आयोजित किया,उक्त




समारोह को सदी के महान गायक मुहम्मद रफी की 24,12,2024 को सौ वीं जन्म जयंती पर समर्पित किया,उक्त आयोजन में पुरानी हिंदी फिल्मों के गीतों की शानदार प्रस्तुति हुई,समारोह की शुरुआत मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी अविनाश तिवारी,भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष बॉबी राजा गठेवरा तथा कार्यक्रम के आयोजक पूर्व (आई.ए.एस.)एन.एस.परमार सहित अन्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की मूर्ति पर माल्यार्पण तथा द्वीप प्रज्वलन के साथ हुई,उक्त आयोजन में गीतों की शुरुआत प्रख्यात गायक मन्नाडे के गीत तू प्यार का सागर है से हुई जिसे दिनेश वर्मा द्वारा आवाज दी गई,इसके बाद तस्वीर तेरी दिल में युगल गीत को प्रशांत नागदेवे तथा सारिका जोशी ने आवाज दी,इसके बाद दीपकदेश पांडे तथा आभा देशपांडे ने छोटी सी मुलाकात प्यार बन गई गीत में युगल आवाज दी,इसके बाद ये परदा हटा दो गीत की युगल प्रस्तुति नितेश तथा अनुपमा ने प्रस्तुत किया,कार्यक्रम में रोशन तुम्हीं से दुनियां,मुझे इश्क है तुझी से सहित अन्य रफी के सुपरहिट गीतों की देर रात तक प्रस्तुति दी गई,जिसका बड़ी संख्या में मौजूद श्रोताओं ने आनंद लिया, स्वरानन्द कार्यक्रम में संयोजक रमेशचंद्र हिल्लाल सहित गायक प्रशान्त नागदेवे, दीपक देशपांडे, रितेश नौमा,श्रीमती आभा देशपांडे,श्रीमती अनुपमा मगरे,श्रीमती सारिका जोशी,श्रीमती हर्षलता सिंह परिकल्पना,श्रीमती आभा देशपांडे ने गीतों की प्रस्तुतियां दी,कार्यक्रम में संगीत दीपेश जैन, जयत रावल, रवि खेड़े ध्वनि,र प्रबंधक उदय भिडे, कार्यक्रम में बुंदेला रिजॉर्ट जी.एम.मुकेश रजक,पुष्पेंद्र सिंह झलाई कोठी,सुधीर शर्मा,अरविंद सिंह पुतरी,प्रणव सिंह चंदेल,संजीव शुक्ला,राजू सिंह चौहान,अनुज शुक्ला सहित बड़ी संख्या में श्रोतागण मौजूद रहे।

# तालाब के अतिक्रमण को लेकर सरपंच के नेतृत्व में ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

## ग्रामीणों ने जल व पशुओं के निकलने के लिए रास्ते की मांग की

परिहार गर्जना न्यूज। गौरिहार। प्रदेश की सत्ता पर काबिज भाजपा सरकार द्वारा जनता की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर त्वरित निराकरण करने की मंशा से प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में गौरिहार के युवा सरपंच भूपेन्द्र यादव के नेतृत्व में ग्रामवासियो ने सैकड़ों की संख्या में एकत्र होकर स्थानीय सरकारी बड़े तालाब में अतिक्रमण कर, मकान बनाने के खिलाफ तहसील परिसर पहुंचकर एसडीएम बलवीर रमन व तहसीलदार आकाश नीरज को सामूहिक रूप से ज्ञापन सौप कर वैधानिक कार्यवाही की मॉग की है ग्रामीणों ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पीछे शासकीय बड़ा तालाब स्थित हैं। उक्त तालाब का शासकीय रकवा लवकुशनगर बाँदा / सरवई मुख्य मार्ग की सड़क के बिल्कुल किनारे से लगा हुआ है ग्रामीणों ने बताया कि तालाब परिसर ने पास पूर्व से निर्मित गैस एजेंसी के बगल से पड़ोसी ग्राम गहबरा निवासी शिवपूजन पुत्र बाबूराम शुक्ला द्वारा शासकीय जमीन में अतिक्रमण कर,मकान का निर्माण कार्य किया जा रहा है। ज्ञापन देने वालों मे शामिल स्थानीय वरिष्ठ नागरिक पूर्व सरपंच महेन्द्र सिंह कुढ्ढू राजा, रामलखन शुक्ला एवं वरिष्ठ भाजपा नेता 73 वर्षीय ओमप्रकाश द्विवेदी ने एसडीएम बलवीर रमन को बताया कि हम छोटे से देखते चले आ रहे हैं कि बड़े तालाब की जमीन पर जहाँ निर्माण हो रहा है वहाँ पर कई वर्षो से नांघा (बारिश में तालाब अधिक भर जाने पर जल निकास का द्वार) था जो कि उक्त निर्माण के बाद बंद हो जाएगा जिससे तालाब की बांधान फूटने की संभावना प्रबल हो जायेगी। पूर्व पंचायत राजा भईया प्रजापति एवं मातादीन अहिरवार आदि ने बताया कि यहाँ से आमजन के पशु तालाब में पानी पीने जाते हैं और लोगों के अन्य निरस्तार होते हैं।

सरपंच भूपेंद्र यादव के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपने में शामिल पूर्व सरपंच महेन्द्र सिंह, रामलखन शुक्ला, ओमप्रकाश द्विवेदी,सूरज भान,भाईराम,राजाभइया सरमन, शिवलाल,रामकृपाल अहिरवार, मातादीन अहिरवार,गोमती अहिरवार,



हीरालाल अहिरवार, दयाराम,तुलसीदास अहिरवार सहित अन्य अन्य सैकड़ों ग्रामीणों ने बड़ा तालाब कि शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर जबरन किए जा रहे मकान निर्माण कार्य को तत्काल बंद कराए जाने को न्यायोचित बताते हुए अनावेदक द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्य की जाँच कराये जाने की मांग की है।

***ग्राम पंचायत को सूचित कर ,स्वयं के प्लाट पर करा रहा हूँ निर्माण - शुक्ला***

मुख्य सड़क के किनारे से लगी हुई स्थानीय बड़े तालाब क्षेत्र की उक्त विवादित भूमि पर हो रहे निर्माण स्थल पर मौजूद कथित भूमि स्वामी गहबरा निवासी पप्पू शुक्ला ने ग्रामीणों द्वारा लगाए गए आरोपों को सरासर गलत बताते हुए कहा कि जहाँ पर मैं निर्माण करा रहा हूँ वह मेरी स्वयं की भूमि है, जिसकी बकायदा रजिस्ट्री मेरे पास है और उक्त भूमि राजस्व रिकार्ड में बकायदा दर्ज है, उक्त भूमि के मेरे पास समस्त वैधानिक दस्तावेज भी हैं।मेरे द्वारा निर्माण कराने के पूर्व गौरिहार तहसीलदार को लिखित में सूचना दी गए थी इसके अलावा कार्यालय ग्राम पंचायत गौरिहार की स्वीकृति भी मेरे पास है। मेरे द्वारा उक्त भूमि रजिस्ट्री, खसरा व नक्शा ट्रेस आदि दस्तावेजों की छायाप्रति गौरिहार तहसीलदार के समक्ष पेश कर दिए गए हैं।श्री शुक्ला ने बताया कि इसके पहले भी सितंबर के महीने में स्थानीय तहसीलदार कार्यालय में अपनी उक्त भूमि कि चौहद्दी निर्धारण हेतु आवेदन भी दिया था।

श्री शुक्ला ने कहा कि मेरे कुछ प्रतिद्वंदियों के इशारे पर कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा मेरे निर्माण कार्य में अनावश्यक बाधा उत्पन्न की जा रही है।जबकि मैं क्रय की हुई स्वयं की जमीन पर ही निर्माण करा रहा हूँ, यदि इसके अलावा की भूमि पर मेरे द्वारा निर्माण कराया पाया जाता है तो हर प्रकार कि जाँच के लिए तैयार हूँ।

जब इस मामले की हकीकत जानने के लिए गौरिहार तहसीलदार आकाश नीरज से सम्पर्क किया गया तो मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में होने की वजह से उनसे बात नहीं हो सकी।

***जिम्मेदार बोले***

उक्त निर्माण कार्य चालू होने के बाद संबंधित जन द्वारा सूचना दी गई थी।जिसके बारे में पंचायत द्वारा तहसीलदार महोदय को अवगत करा दिया था।

***नरेंद्र राय सचिव ग्राम पंचायत गौरिहार***

# गौरिहार जनपद की पंचायत में आयोजित हो रहे हैं मुख्यमंत्री जन कल्याण शिविर

## जनपद क्षेत्र की बरहा,पल्टा व गौरिहार में सम्पन्न हुए शिविर

**प्रकाश मिश्रा /चंद्रभान प्रजापति**

गौरिहार। प्रदेश सरकार के दिशा निर्देशन एवं छतरपुर कलेकर पार्थ जायसवाल के मार्गदर्शन में गौरिहार जनपद पंचायत के सीईओ गोविंद सिंह राजावत द्वारा जनपद की समस्त पंचायत में प्रदेश की सत्ता में काबिज भाजपा सरकार की मंशानुरूप जनपद क्षेत्र की समस्त पंचायत में मुख्यमंत्री जन कल्याण शिविर आयोजित कराए जा रहे हैं। इसी क्रम में जनपद मुख्यालय कि सदर ग्राम पंचायत गौरिहार सहित समीपी ग्राम पंचायत बरहा व पल्टा में बीते रोज मुख्यमंत्री जन कल्याण शिविरों का आयोजन किया गया। जिसमे राजस्व,पंचायत,स्वास्थ्य,कृषि,पशु व अन्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।इस दौरान बरहा सरपंच हीरामणि राजकुमार कुशवाहा ने शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देती हुई कहा कि मेरी हमेशा यह कोशिश रहती है कि कोई भी पात्र हितग्राही शासन की योजनाओं से वंचित न रहे। श्रीमती कुशवाहा ने बताया कि इसके लिए पंचायत में मुनादी करवाई गई घर-घर सर्वे करवाया गया और बुधवार को आयोजित शिविर में दर्ज आवेदनों में यथासंभव तत्काल समाधान करवाया गया।



उन्होंने बताया कि शेष आवेदनों को संबंधित विभाग को भेजा जाएगा। सरपंच हीरामनि ने भाजपा सरकार को जनहितैषी बताते हुए प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मोहन यादव का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए शासकीय अमले को पंचायत स्तर पर भेजने के लिए आभार जताया। सरपंच प्रतिनिधि युवा समाजसेवी राजकुमार कुशवाहा ने जानकारी देते हुए बताया कि सुबह में राजस्व के 18, पशु विभाग के 7, एवं ग्राम पंचायत के 38 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से अधिकांश का मौके पर मौके पर ही समाधान किया गया। शिविर में पीसीओ सुजीत वर्मा,उपयंत्री दीपेंद्र गंगेले,स्वच्छता विभाग के सुयश सक्सेना, सचिव कौशल किशोर भुर्जी, पटवारी अरुण अहिरवार, ग्राम सेवक एआर रैकवार, सीएचओ आरती सॉवले, पशु विभाग से प्रशांत चतुर्वेदी, परियोजना से गिरजा नागर सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व आशा कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

***गौरिहार सचिव ने की लिंक केंन बेतवा परियोजना कार्यक्रम में शामिल होने की अपील***

गौरिहार ग्राम पंचायत परिसर में युवा सरपंच भूपेंद्र यादव के नेतृत्व में आयोजित मुख्यमंत्री जनकल्याण शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचकर सिविल आयोजन के उद्देश्य को सफल बनाया। सचिव नरेंद्र राय ने बताया कि शिविर में कुल 110 आवेदन आए जिनमें आयुष्मान कार्ड,पेंशन व संबल कार्ड से संबंधित थे। सचिन ने बताया कि इनमें से अधिकांश का मौके पर ही निराकरण कर दिया गया है। शिविर में शामिल बड़ी संख्या में ग्रामीणों से सचिव नरेंद्र राय ने केन बेतवा लिंक परियोजना के भूमि पूजन कार्यक्रम में 25 दिसंबर को खजुराहो पहुंचने की अपील की है। शिविर में आर आई केपी कोल, इंजीनियर विष्णु प्रजापत, ग्राम सेवक नवीन ओझा, समिति प्रबंधक मनोहर यादव एवं समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व आशा कार्यकर्ताएं मौजूद रही।

***पल्टा में युवाओं ने कि चिकित्सक की मांग***

जनपद मुख्यालय की नजदीकी ग्राम पंचायत पल्टा में आयोजित मुख्यमंत्री जन कल्याण शिविर में युवा समाजसेवी अभिषेक तिवारी के नेतृत्व में टीम के युवा साथी सुनील अहिरवार,राज प्रताप,अंकित,प्रदीप देवीदीन प्रजापति,अमन,घासीराम,अतुल सहित अन्य ग्रामीणों ने लिखित आवेदन देकर ग्राम में संचालित उप स्वास्थ्य केंद्र में एक चिकित्सक की मांग की है। युवाओं ने बताया कि हमारे गांव की आबादी करीब 5000 है। यहां पर लगभग 10 वर्ष पूर्व प्रशासन द्वारा उप स्वास्थ्य केंद्र संचालित किया गया था, जो अक्सर स्थानीय स्तर पर कर्मचारी के निवास न करने की वजह से बंद बना रहता है। युवा समाज से भी अभिषेक तिवारी ने शिविर के माध्यम से शासन प्रशासन से पलटा उप स्वास्थ्य केंद्र के लिए एक अदद चिकित्सक की मांग की है।

### नागपुर – मुम्बई समृद्धि महामार्ग की तर्ज पर बनने वाले-

## रीवा-सागर-भोपाल-इंदौर-गुजरात एक्सप्रेस हाईवे और सागर में ड्राइविंग एवं टेस्टिंग सेंटर की मांग सांसद डॉ. लता गुड्डू वानखेड़े ने मुलाकात कर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को सौंपा मांगपत्र



परिहार गर्जना न्यूज। सागर। सागर जिले की सड़कों और यातायात को बेहतर बनाने के उद्देश्य से सागर सांसद डॉ. लता गुड्डू वानखेड़े ने केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की और उन्होंने दो प्रमुख प्रस्ताव सौंपे, जिसमें पहला नागपुर – मुम्बई समृद्धि महामार्ग की तर्ज पर मध्यप्रदेश के रीवा–सागर–भोपाल–इदौर से होते हुए गुजरात तक एक्सप्रेस हाईवे परियोजना की स्वीकृति और दूसरा सागर में हैवी व्हीकल ड्राइविंग एंड ट्रेनिंग सेंटर तथा व्हीकल फिटनेस टेस्टिंग सेंटर की स्थापना करने की मांग की।

रीवा–सागर–भोपाल–इंदौर–गुजरात एक्सप्रेस हाईवे परियोजना एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य मध्यप्रदेश और गुजरात को आधुनिक सड़क नेटवर्क से जोड़ना है। सांसद वानखेड़े ने मंत्री को इस एक्सप्रेस हाईवे परियोजना की आवश्यकता और इसके संभावित लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि एक्सप्रेस हाईवे यह परियोजना रीवा से शुरू होकर सागर, भोपाल और इंदौर के रास्ते गुजरात तक चार चरणों में इस परियोजना का निर्माण होगा जिसमें पहले चरण में सागर से भोपाल तक दूसरे चरण में सागर से रीवा तक तीसरे चरण में भोपाल से इंदौर तक एवं चौथें चरण में इंदौर से गुजरात तक एक अत्याधुनिक एक्सप्रेस हाईवे का निर्माण होगा जिससे उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश और गुजरात के बीच सड़क कनेक्टिविटी में उल्लेखनीय सुधार होगा। उन्होंने कहा कि इस हाईवे के निर्माण से न केवल यातायात में सुगमता आएगी बल्कि राज्यों के बीच व्यापार और औद्योगिक गतिविधियों को भी प्रोत्साहन मिलेगा और इससे यात्रा का समय कम होगा तथा ईंधन की खपत भी घटेगी। यह परियोजना मध्य और पश्चिम भारत को जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण आर्थिक मार्ग बनेगा जिससे सामाजिक और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।

परियोजना के लाभ– राज्यों के बीच व्यापार और परिवहन में तेजी आएगी, अत्याधुनिक सड़क निर्माण से यात्रा समय में कमी आएगी, मध्यप्रदेश और गुजरात के आर्थिक संबंध मजबूत होंगे, ईंधन की खपत में कमी से प्रदूषण कम होगा, यह मार्ग राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क को सशक्त बनाएगा।

सागर में हैवी व्हीकल ड्राइविंग एंड ट्रेनिंग सेंटर और फिटनेस टेस्टिंग सेंटर सांसद लता वानखेड़े ने सागर जिले में हैवी व्हीकल ड्राइविंग एंड ट्रेनिंग सेंटर और व्हीकल फिटनेस टेस्टिंग सेंटर की स्थापना को आवश्यक बताते हुए कहा कि सागर मध्यप्रदेश के केंद्र में स्थित है, और यह एक प्रमुख यातायात जंक्शन है, यहां से कई राष्ट्रीय और राज्य राजमार्ग गुजरते हैं, जिसके कारण भारी वाहनों का आवागमन अधिक होता है, जबकि वर्तमान में प्रशिक्षित चालकों और वाहनों की फिटनेस जांच के लिए उचित सुविधाओं की कमी है, इससे दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं इस समस्या को हल करने के लिए सागर में ट्रेनिंग सेंटर और फिटनेस टेस्टिंग सेंटर की स्थापना जरूरी है जिससे प्रशिक्षित चालकों की संख्या बढ़ने से सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी, युवाओं को हैवी व्हीकल ड्राइविंग और फिटनेस टेस्टिंग में प्रशिक्षण देकर रोजगार के अवसर प्रदान किए जा सकेंगे, फिटनेस टेस्टिंग सेंटर यह सुनिश्चित करेगा कि सड़क पर चलने वाले वाहन पर्यावरण मानकों का पालन करें, औद्योगिक और व्यावसायिक गतिविधियां बढ़ेंगी, सड़क पर सुरक्षित और फिट वाहन चलेंगे, जिससे यातायात व्यवस्था में सुधार होगा इसलिए सांसद वानखेड़े ने इन दोनों परियोजनाओं से होने वाले लाभों को बिंदुवार समझाते हुए मंत्री जी को मांग पत्र सौंपा और सागर जिले में ड्राइविंग और टेस्टिंग सेंटर की स्थापना को अत्यधिक आवश्यक बताते हुए मंत्री से तत्काल दिशा–निर्देश जारी करने की अपील की।

## वैश्य महासम्मेलन जिला बैठक एवं कैलेंडर विमोचन कार्यक्रम



परिहार गर्जना न्यूज। गढ़ाकोटा। मध्य प्रदेश के जिला सागर के नगर गढ़ाकोटा में वैश्य महासम्मेलन जिला स्तरीय बैठक का आयोजन संपन्न हुआ जिसमें विभिन्न आवश्यक मुद्दों पर विचार किया गया एवं वैश्य महासम्मेलन के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन किया गया । इस अवसर पर वैश्य महासम्मेलन के संगठन जिला शाहगढ की बैठक गढ़ाकोटा में संपन्न हुई ।जिसमें रहली, गढ़ाकोटा , देवरी केसली ,बंडा, शाहगढ आदि तहसीलों के पदाधिकारी, सागर जिला एवं संभाग और प्रदेश पदाधिकारी भी सहभागी हुए । इस अवसर पर बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश महामंत्री निकेश गुप्ता जी एवं संभागीय अध्यक्ष गिरजेश सोनी जी उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि शाहगढ़ जिला प्रभारी कमल जी एवं जिला अध्यक्ष निक्की ब्रजपुरिया और जिला महिला अध्यक्ष श्रीमती प्रीति पटवारी जी, मनीष विद्यार्थी जिला महामंत्री ,नीरज जैन तहसील अध्यक्ष देवरी रहे ।गढ़ाकोटा तहसील संयोजक प्रदीप चौदह ,तहसील अध्यक्ष रविंद्र जैन उमरा,मुख्य सलाहकार राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल एवं बैठक में पधारे सभी अतिथियों का स्वागत गढ़ाकोटा तहसील की ओर से राघव नेमा, वरुण सोनी जिला अध्यक्ष युवा इकाई शाहगढ ,सपन अग्रवाल,श्रीराम साहू पत्रकार द्वारा किया गयानिकेश गुप्ता जी ने कहा कि वैश्य महासम्मेलन देश का सबसे बड़ा संगठन है जिसमें वैश्य समाज में आने वाली लगभग 50 से अधिक जातियों के सदस्य सहभागी होते है। वैश्य समाज, व्यापारी,व्यवसायियों के हितों की रक्षा सुरक्षा के लिए कार्य करना हैं। एवं उनके ऊपर हो रहे विभिन्न अत्याचार , दुराचार आदि विभिन्न विषम परिस्थितियों में एक जुटता का परिचय देकर अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करना होगा। प्रतिभा सम्मान, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण, परिवार मिलन एवं समाज के जरूरतमंद की सहायता आदि हमारे प्रमुख कार्य है।बैठक में संगठन के विस्तार एवं आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विचार विमर्श किया गया ।जिसमें आगामी 5 जनवरी को गढ़ाकोटा में एक बृहद कार्यक्रम की रूपरेखा पर विचार किया गया ।जिसमें सभी की सहमति से रूपरेखा और आयोजन पर विचार विमर्श किया गया। इस अवसर पर वैश्य महासम्मेलन के वार्षिक कार्यक्रमों की जानकारी प्रदान की गई और वार्षिक कैलेंडर का विमोचन समस्त पदाधिकारी सदस्यों द्वारा किया गया। समापन कार्यक्रम के अवसर पर वरुण सोनी द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया

## यातायात पुलिस द्वारा लंबित ई चालानो का निराकरण कर 3725 चालानो का निराकरण किया जाकर 17,14,300/- रूपये समन शुल्क बसूल किया

परिहार गर्जना न्यूज। सागर। शहर मे लगे स्मार्ट सिटी आईटीएमएस के कैमरो के माध्यम से यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालको के ई चालान लगातार जारी किए जा रहे है एंव इसकी सूचना वाहन चालक के रजिस्टर्ड मोबाईल नम्बर पर स्र्स के माध्यम से भेजे जाने के बावजूद भी वाहन चालको द्वारा चालान जमा नही किए जा रहे है जिस कारण अत्यधिक संख्या मे ई चालान माननीय न्यायालय मे लंबित है जिनके निराकरण हेतु माननीय न्यायालय के निर्देशानुसार ऐसें वाहन चालक जिन्होने बार–बार यातायात नियमो का उल्लंघन किया है उनके वाहन को जप्त करने का आदेश दिया गया है।



पुलिस अधीक्षक सागर के मार्गदर्शन मे यातायात पुलिस द्वारा उक्त प्रकरणो के नोटिस जारी कर संबंधित वाहन मालिक को तामील कराए गए तथा बार बार यातायात नियमो के उल्लंघन करने वाले वाहनो को जप्त किया गया। विगत 15 दिवसो मे उक्त कार्यवाही से लगभग 3725 चालानो का निराकरण किया जाकर 17,14,300/– रूपये समन शुल्क बसूल किया गया। अत: आम नागरिको से अपील है कि अबिलंब अपने वाहन के लंबित ई चालान माननीय न्यायालय, उप पुलिस अधीक्षक यातायात कार्यालय सिविल लाईन, थाना यातायात कटरा अथवा आनलाईन जमा करे अन्यथा वाहनो की जप्ति के कारण अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड सकता है।

## बाबा साहब के अपमान की घोरनिंदा करता हूं - रमाकांत यादव

परिहार गर्जना न्यूज। सागर। संसद भवन में अपने अभिभाषण के दौरान केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने यह कहकर कि सदन के अंदर बार–बार अंबेडकर अंबेडकर कहना विपक्ष के लिए फैशन बन गया है। धर्म से जुड़ी बात कहकर डॉक्टर अंबेडकर के सम्मान को भरी सदन में नीचे गिराना एवं अपमानित करने के विरोध में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग अधिकार संगठन के अध्यक्ष एवं मध्य प्रदेश कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष रमाकांत यादव ने कटरा बाजार में मानव श्रृंखला का आयोजन किया।




इस अवसर पर टीकमगढ़ से ओबीसी महासभा के बैनर तले जातिगत जनगणना कराए जाने की मांग को लेकर एक पदयात्रा लेकर सागर पधारे विजेंद्र सिंह यादव एवं उनकी टीम का जिला कांग्रेस कार्यालय के समक्ष कटरा बाजार में भव्य स्वागत किया गया ।जिसमें ग्रामीण एवं शहर कांग्रेस युवा कांग्रेस सेवादल पिछडा वर्ग विभाग के सभी वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं का समर्थन सहयोग रहा।

इस अवसर जिला कांग्रेस कमेटी सागर ग्रामीण के अध्यक्ष डा आनंद अहिरवार मध्य प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री सुरेंद्र चौधरी पुरूषोतम मुन्ना चौबे चक्रेश सिंघई राजू राठौर जमना सोनी जितेंद्र रोहन गोवर्धन रैकवार विजय साहू युवक कांग्रेस अध्यक्ष द्वय राहुल चौबे जितेंद्र चौधरी सेवा दल अध्यक्ष द्वय महेश जाटव सिंटू कटारे पूर्व पार्षद भैयन पटेल तोताराम यादव हीरालाल चौधरी टीकाराम दीवान दीनदयाल तिवारी आशीष ज्योतिषी लीलाधर सूर्यवंशी श्रीदास रैकवार संजय रैकवार जावेद ठेकेदार लक्ष्मीनारायण सोनकिया प्रवक्ता रवि सोनी पीयूष अवस्थी योगराज कोरी सागर साहू नीलेश रोहित चक्रेश रोहित मनोज सोनी कल्लू पटेल पवन जाटव प्रशात सोनी भूपेन्द्र ठाकुर आईएम खान गबबर पठान महेश अहिरवार भूरे खटीक सुनील पावा पवन चौरसिया अरविंद ठाकुर आदिल राईन कृष्ण कुमार सोनी वीरू अहिरवार आदि सभी उपस्थित थे।

## पालिका चुनाव के बाद एक बार फिर हुआ विवाद-

# विधायक पुत्र-भतीजे और पूर्व विधायक राकेश गिरी के बीच हुआ विवाद, मामला दर्ज





**सौरभ खरे**

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। नगर पालिका चुनाव के दौरान नगर के वार्ड नंबर एक में मतदान के दौरान कांग्रेस विधायक यादवेन्द्र सिंह और पूर्व विधायक राकेश गिरी के बीच हुए विवाद के बाद से लगता है कि यह मामला फिलहाल शांत नहीं हुआ है। एक दूसरे से मनमुटाव के हालात बने नजर आते रहे हैं। शिकवा-शिकायतों का दौर लगातार जारी बना हुआ है। ऐसे में बीती रात हुए विवाद ने एक बार फिर विवाद को हवा दी है। कांग्रेस और बीजेपी कार्यकर्ता एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग करने में लगे हैं। दोनों ही पक्षों ने आवेदन देकर मामले की जांच कर निष्पक्ष कार्रवाई पर जोर दिया है। बताया गया है कि विधानसभा के वर्तमान कांग्रेस विधायक के परिजनों और पूर्व भाजपा विधायक के बीच विवाद का मामला सामने आया है। जिसमें दोनों पक्षों के बीच कहासुनी और मारपीट की बात सामने आई है। फिलहाल पुलिस ने पूर्व विधायक के सुरक्षा कर्मी की रिपोर्ट पर विधायक के पुत्र आकाश सिंह एवं भतीजे अंश के खिलाफ मामला भी दर्ज कर लिया है। पुलिस द्वारा की गई इस एक पक्षीय कार्रवाई पर नाराजगी जाहिर करते हुए कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष गौरव शर्मा ने कार्रवाई को पक्षपातपूर्ण बताते हुए आंदोलन की चेतावनी दी है। बताया गया है कि बीती रात पपौरा चौराहे के पास हुए विवाद के दौरान दोनों पक्षों के अपनी-अपनी रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस द्वारा मामले की जांच कर कार्रवाई किए जाने की बात कही थी। श्री शर्मा ने कहा कि कुछ ही घंटों में जांच पूरी कर एक पक्षीय कार्रवाई कर विधायक यादवेन्द्र सिंह के पुत्र और भतीजे पर मामला दर्ज कर लिया गया, जबकि दूसरे पक्ष की रिपोर्ट को अनदेखा कर दिया गया। उन्होंने यह मुद्दा विधानसभा में उठाए जाने की भी बात कही है। बताया गया है कि पूरा मामला रात 10 बजे का है, जहां भाजपा के पूर्व विधायक राकेश गिरी ने आरोप लगाते हुए बताया कि वह रात 10 बजे के लगभग पपौरा पर अपने मित्र धर्मेश त्रिपाठी के यहां गए हुए थे। दरवाजे पर वाहन खड़ा करके वह अंदर बैठे हुए थे। सड़क किनारे खड़े वाहन के पास उनका ड्राइवर गाड़ी के पास मौजूद था। इसी दौरान वहां से वर्तमान कांग्रेस विधायक यादवेंद्र सिंह बुंदेला के बेटे और उनके समर्थक वहां पहुंचे और गाड़ी खड़ी करने को लेकर विवाद करने लगे। इस दौरान मारपीट का आरोप भी पूर्व विधायक ने लगाया है। जिसकी पूर्व विधायक राकेश गिरी ने कोतवाली पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई थी।

***पुलिस कार्रवाई पक्षपातपूर्ण-गौरव शर्मा***


कांग्रेस विधायक यादवेंद्र सिंह बुंदेला की ओर से कोतवाली पहुंचे कांग्रेस के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष गौरव शर्मा और उनके समर्थकों ने भी एक शिकायती पत्र पुलिस को सौपा था। शिकायती पत्र में उन्होंने बताया गया कि जो आरोप यादवेंद्र सिंह बुंदेला के परिजनों पर लगाये गए हैं, वह निराधार हैं। गाड़ी पार्किंग को लेकर दोनों वाहनों के ड्राइवरों के बीच कहासुनी जरूर हुई थी, मारपीट की कोई घटना नहीं हुई है। इस मामले में पुलिस द्वारा विधायक यादवेन्द्र सिंह के पुत्र और भतीजे पर मामला दर्ज करना पक्षपातपूर्ण है। इस संबन्ध में विधानसभा पटल पर बात रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि पक्षपातपूर्ण कार्रवाई किए जाने पर कांग्रेस आंदोलन करने को मजबूर होगी।

***गनर की रिपोर्ट पर हुआ मामला दर्ज-***

बीती रात पपौरा चौराहे के पास विधायक पुत्र एवं भतीजे से पूर्व विधायक राकेश गिरी के हुए विवाद के दौरान श्री गिरी के गनर ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की। गनर लोकेन्द्र सिंह गुर्जर पिता महावीर सिंह गुर्जर उम्र 36 साल निवासी ग्राम जेठपुरा थाना गोहद जिला भिण्ड हाल पीएसओ टीकमगढ़ द्वारा थाना आकर एक टाईप शुदा आवेदन पत्र दिया गया। उन्होंने आवेदन में कहा कि आकाश सिंह एवं अंश सिंह द्वारा शासकीय कार्य में बाधा डालकर मुझे एवं राकेश गिरि व आकाश पटैरिया को गालियां देकर मारपीट की। उन्होंने जान से मारने की धमकी दी। उनके द्वारा दिए गए आवेदन पर पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 132, भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 121(1), भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 296, भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 115(2), भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 351 (3), भारतीय न्याय संहिता बीएनएस) 2023 3 (5) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## दो बाईको की आमने सामने भिड़ंत, एक की मौत, दूसरा गंभीर

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। जिले में सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब तक सड़क हादसे में कई लोगों की जान जा चुकी है। साल 2024 हादसों के नाम रहा। कई गांवों में सड़क दुर्घटनाओं के चलते मातम पसरा रहा। साल के अंत में भी यह दौर जारी बना हुआ है। यातायात की चरमराई व्यवस्था और तेज रफ्तार वाहनों की भरमार के चलते आए दिन हादसे होते चले आ रहे हैं। स्थानीय धजरई तिगैला पर हुए सड़क हादसे में हुई एक वाइक सवार की मौत के बाद लोगों में नाराजगी बनी हुई है। बताया गया है कि देहात थाना अंतर्गत धजरई तिगैला के पास दोपहर के समय दो मोटर साईकिलों की आमने सामने भिड़ंत हो गई। भिड़ंत इतनी भीषण थी कि दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई और दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए मेडीकल के लिए रिफर हो गया। उक्त घटना की सुचना मिलते ही देहात थाना पुलिस तत्काल घटना स्थल पर पहुंची और घायल व्यक्ति को इलाज हेतु अस्पताल पहुंचाया, जहाँ चिकित्स्कों द्वारा घायल व्यक्ति की गंभीर हालत देखते हुए रिफ्र कर दिया गया। खबर लिखे जाने तक घायल व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई थी, जबकि मृतक की पहचान हो गई है। देहात थाना पुलिस ने बताया की उक्त दुर्घटना में मृतक की पहचान लक्ष्मण अहिरवार निवासी ग्राम सोरई थाना मड़ावरा के रूप में की गई है। उक्त दुर्घटना में दोनों मोटर साईकिलों को पुलिस ने अपनी अभिरक्षा में रखवा दिया है। देहात थाना पुलिस ने बताया कि उक्त दुर्घटना धजरई तिगैला से आगे 100 मीटर की दूरी पर हुआ है।



## फ्लिपकार्ट के माध्यम से पूमा कंपनी को खराब जूता देना पड़ा महंगा

टीकमगढ़। फ्लिपकार्ड के माध्यम से पूमा कंपनी को खराब जूता ग्राहक को देना मंहगा साबित हुआ। बताया गया है कि इस मामले में पूमा कंपनी के विरूद्ध सुनाए गए फैसले में कंपनी को दोषी ठहराया गया है। बताया गया है कि जिला उपभोक्ता न्यायालय में बीते रोज 18 दिसम्बर 2024 को प्रकरण क्रमांक 34/ 24 में फरियादी मुकेश रैकवार द्वारा निवासी पुरानी टेहरी जिला टीकमगढ़ ने 4200 का 9 अगस्त 2023 को फ्लिपकार्ट के माध्यम से ऑनलाइन शॉपिंग पूमा कंपनी के टेनिस शूज खरीदे थे। परिवादी उक्त जूते का सही ढंग से उपयोग भी नहीं कर पाए और जूते चटकने व उखड़ने लगे थे। तब परिवादी ने अपना रिव्यू भी अपलोड किया था एवं कस्टमर केयर से भी बातचीत की थी। समाधान न होने पर परिवादी ने यह परिवाद जिला उपभोक्ता न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया था । सेवा में कमी पाते हुए जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष सनत कुमार कश्यप, डॉक्टर प्रीति सिंह परमार, डॉक्टर संजीव सिंह ने यह आदेश पारित किया कि यह एक अनुचित व्यापारिक प्रथा की श्रेणी में आता है। यह अनफेयर ट्रेड प्रेक्टिस है। अत: अनावेदक गण परिवादी को उत्पादन के 42 सौ रूपए एवं सेवा में कमी में 10000, वाद व्यय 5000 प्रदान करेंगे ।

### केन- बेतवा लिंक परियोजना को लेकर जनपद में कार्यक्रम आयोजित-

## किसानों के लिए वरदान साबित होगी केन-बेतवा लिंक परियोजना -अमित नुना

परिहार गर्जना न्यूज। पलेरा। खुशहाल मध्य प्रदेश एवं समृद्ध किसान के नारे को लेकर जल संसाधन विकास जतारा, पलेरा एवं जन अभियान परिषद जतारा के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर आम किसानों के बीच में पहुंचकर जन जागरूकता अभियान चलाया रहा है।




जानकारी देते हुए एसडीओ पीएल प्रजापति के द्वारा बताए गए। 15 से 25 दिसंबर 2024 केन बेतवा लिंक परियोजना का भूमि पूजन को खजुराहो में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आगमन हो रहा है। टीकमगढ़ जिले के कलेक्टर के निर्देशन में जल संसाधन विभाग एवं मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा कलश यात्रा, समूह रैली, निबंध प्रतियोगिता एवं जल संरक्षण कर प्रचार प्रसार किया जा रहा है। जिसमें सम्मिलित जनप्रतिनिधि सांसद विधायक द्वारा किसान जल संसाधन विभाग एवं जन अभियान परिषद के द्वारा जतारा व पलेरा क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर किसानों के बीच में जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें किसानों को कैन-बेतवा लिंक परियोजना के बारे में बताया जा रहा है। देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई का सपना था कि कैन नदी और बेतवा नदी को एक दूसरे से जुड़कर 12 महीने इन नदियों में पानी उपलब्ध रह सके एवं बुंदेलखंड के प्रत्येक किसान को 12 महीने से सिंचाई करने के लिए पानी उपलब्ध हो सके। इसी उद्देश्य का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा किया जा रहा है, जिसको लेकर ग्रामीण क्षेत्र में जागरूकता चलाई जा रही है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष अमित नुना, नायब तहसीलदार सूर्य प्रकाश खरे, रानू तिवारी नगर परिषद उपाध्यक्ष, पवन सिंग्या मंडल अध्यक्ष, महेश पटेरिया पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश नायक, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि अतुल खटीक, रघुवीर लोधी मंडल अध्यक्ष बराना, रोहित चौरसिया मंडल अध्यक्ष जतारा, राज दमेले, डॉ आरके प्रजापति, डॉ एसके जाटव, जयपाल पटेल, पीएल कुम्हार एसडीओ, केपी अहिरवार कृषि विभाग, आरपी साहू, एसके श्रीवास्तव सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# केन बेतवा लिंक परियोजना से पन्ना जिला सहित बुन्देलखंड की बदलेगी किस्मत:-डॉक्टर मोहन यादव

## कार्यक्रम में करोड़ो रूपये खर्च, पन्ना जिले के विकास के लिए नहीं की कोई घोषणा

ऋषि मिश्रा

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/पन्ना जिले के प्रवास पर आये प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव नें कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि केन बेतवा लिंक परियोजना से पन्ना जिला सहित पूरे बुन्देलखंड की किस्मत बदलेगी, तथा पूरा क्षेत्र पानीदार हो जायेगा, साड़े आठ लाख हैक्टेयर जमीन सिंचित होगी, साथ ही लोगो को घर घर पेयजल उपलब्ध होगा, इस दौरान मुख्यमंत्री श्री यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश की धरती में भगवान श्री कृष्ण ने संदीपनी आश्रम मे शिक्षा ग्रहण कि यह हमारे लिए सोभाग्य की बात है पन्ना जिले की धरती हीरा उगलती है, जिससे हजारो गरीब किसान मालामाल हुए है, कार्यक्रम के दौरान उन्होने कांगेस पार्टी पर भी हमला किया तथा कहा कि सत्तर वर्ष में कांग्रेस नें कोई काम नहीं किया, हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नें पार्वती काल सिन्धी नदी जोडो योजना के तहत मध्य प्रदेश तथा राजस्थान को जोड़ने का काम किया है, जिसमें मध्य प्रदेश के ग्यारह जिलो में सिचाई परियोजनाए प्रारंभ हुई, इसी प्रकार राजस्थान को भी लाभ होगा, स्वर्गीय प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के सपने को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी साकार कर रहे है तथा नदी जोड़ो योजनाओं पर काम कर रहे है। उन्होने आंगे कहा कि 25 दिसम्बर को देश के प्रधानमंत्री खजुराहो मे केन बेतवा लिंक परियोजना का शिलान्यास, भूमि पूजन कर रहे है, जिसमें सभी को में निमंत्रण देने आया हू, सभी लोग उक्त कार्यक्रम में पंहुचे, उक्त कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री नें विभिन्न विभागो द्वारा लगाये गये स्टालों के निरीक्षण से किया, इस दौरान पन्ना में मिले 17 कैरिट के हीरा का भी अवलोकन किया, संतो का आशिर्वाद लिया, कन्या पूजन किया, कार्यक्रम के पूर्व में स्वागत भाषण क्षेत्रीय विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा दिया गया। उन्होने कहा कि यह सौगात हमारे बुन्देलखंड के लिए बहुत बड़ी है, इससे समुचे बुन्देलखंड के साथ पन्ना जिले का भी सिचाई रकवा बड़ेगा तथा गांव गांव मे पेयजल उपलब्ध होगा। उन्होने इस दौरान विस्थापित हो रहे आदिवासी बहुल्य 11 ग्रामो के लोगो की व्यवस्था करना का भी अनुरोध किया। पहाड़ीखेड़ा क्षेत्र को भी परियोजना से जोड़ने की बात की, चन्देल कालीन तालाब भी नहरो के माध्यम से जोड़ने का आग्रह किया। तत्पश्चात् कार्यक्रम को क्षेत्रीय सांसद तथा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा नें भी संबोधित करते हुए कहा कि केन बेतवा परियोजना बुन्देलखंड के लिए जीवन रेखा साबित होगी, पानी के कमी के कारण ही इस क्षेत्र मे सूखा तथा अन्य बाधाए उत्पन्न होती थी, जो उक्त नदी जोड़ो योजना से दूर होगी, उन्होने कहा कि इससे 62 लाख किसानो का फायदा होगा, कार्यक्रम में मुख्यमंत्री का स्वागत क्षेत्रीय सांसद वीडी शर्मा, विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह, गुनौर विधायक राजेश वर्मा, विधायक पवई प्रहलाद लोधी, जिला अध्यक्ष बृजेन्द्र मिश्रा द्वारा किया गया। तथा जल संसाधन विभाग एवं केन बेतवा लिंक परियोजना की ओर से कार्यपालन यंत्री जल संसाधन सतीश शर्मा द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत माल्यपर्ण के साथ किया गया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा अनेक मांगे रखी गई, लेकिन मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा कोई भी घोषणा पूर्व की तरह इस बार भी नहीं की गई। उक्त कार्यक्रम में प्रदेश प्रभारी डॉक्टर महेन्द्र सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष मीनाराजे, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रवीराज यादव, कार्य समिति सदस्य बबलू पाठक सहित भारी संख्या में जन प्रतिनिधि, पार्टी कार्यकर्ता, अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहें।:-1 कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री दो घंटा विलंब से पन्ना पंहुचे। 2. मुख्यमंत्री के भाषण के दौरान ही आधे से अधिक जनता भाग गई, तथा कुर्सीया खाली हो गई। 3. मुख्यमंत्री द्वारा एक भी घोषणा नहीं की गई, पूर्व की तरह सिर्फ झुनझुना थमा चले गयें। 4. कार्यक्रम मे करोड़ो रूपये खर्च होने के बावजूद विकास के लिए किसी भी प्रकार की राशि देने की घोषणा नहीं की गई। 5. कार्यक्रम के दौरान जल से संबंधित कार्यक्रम होने के बावजूद लोगो को पानी पीने तक उपलब्ध नहीं रहा।




## विभागीय प्रदर्शनी रही आकर्षण का केन्द्र



दयाशंकर दीक्षित

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/मुख्यमंत्री डॉ. यादव के पन्ना प्रवास के दौरान कार्यक्रम स्थल पर जनकल्याण एवं विकास पर केन्द्रित प्रदर्शनी भी लगाई गई थी। जिला प्रशासन के निर्देशन में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए। मुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर सराहना की। साथ ही आजीविका मिशन के स्टॉल में समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों का अवलोकन कर व्यंजन भी चखा। हीरा कार्यालय द्वारा यहां हीरा प्रदर्शनी भी लगाई गई। इस मौके पर गत दिवस प्राप्त 17 कैरट के हीरे का प्रदर्शन भी किया गया। मुख्यमंत्री के प्रदर्शनी स्थल पर आगमन के दौरान महिलाओं ने कलश यात्रा भी निकाली और पुष्पवर्षा कर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। यहां आकर्षक सेल्फी प्वाइंट भी तैयार किया गया था। जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभिन्न विभागों की हितग्राहीमूलक योजनाओं के हितलाभ भी वितरित किए। इसके पूर्व मुख्यमंत्री पुलिस लाइन पन्ना स्थित हेलीपैड से कार द्वारा कार्यक्रम स्थल पहुंचे। हेलीपैड आगमन पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में विधायकगण प्रह्लाद लोधी एवं डॉ. राजेश वर्मा सहित राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया, डॉ. महेन्द्र सिंह, बृजेन्द्र मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे, उपाध्यक्ष संतोष सिंह यादव, नगर पालिका अध्यक्ष मीना पाण्डेय, उपाध्यक्ष आशा गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधि, जयप्रकाश चतुर्वेदी, रामऔतार पाठक, सतानंद गौतम, रविराज यादव, कलेक्टर सुरेश कुमार, पुलिस अधीक्षक सांई कृष्ण एस थोटा एवं अन्य अधिकारीगण तथा बड़ी संख्या में आमजन भी उपस्थित रहे।

## सड़क किनारे खड़ी कार को जेके सीमेंट के डंफर ने पीछे से मारी टक्कर, कार हुई छतिग्रस्त

पन्ना/पन्ना जिले में जेके सीमेंट के डंफरों के कुछ चालक बेलगाम होकर खूनी हो चुके हैं, तथा उक्त कंपनी के वाहनो द्वारा लगातार घटनाए घटित की जा रहीं है, इसी प्रकार का मामला फिर से सामने आया है, विगत दिवस 18 दिसंबर 2024 को शाम लगभग 5:00 बजे पन्ना नगर से आरएसएस के कार्यकर्ताओं की टीम संगठन की बैठक के लिए अल्टो कार में सवार होकर पवई जा रहे थे, जैसे ही यह लोग नेशनल हाईवे 39 में सत्यम पैलेस के पास पहुंच कर सड़क किनारे खड़े होकर कोई काम करने लगे तभी जेके सीमेंट का क्लिंकर परिवहन करने वाले डंफर के नशे में धुत्त चालक ने खड़ी कार को पीछे से टक्कर मार दी जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई, कार्यकर्ताओं ने जब रोकने का प्रयास किया तो नशे में धुत्त डंफर चालक आरएसएस कार्यकर्ता संदीप साहू का हाथ पड़कर कई किलोमीटर तक घसीटता गया लोगों के द्वारा पीछा कर किसी तरह डंफर को रोककर कार्यकर्ता को छुड़ाया गया और चालक को पकड़ कर पन्ना कोतवाली पहुंचा गया, इस घटना में संदीप साहू को काफी चोटें आई हैं एवं कार का पिछला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। पुलिस ने डंफर चालक को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है, तथा पुलिस द्वारा संबंधित वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## देवेन्द्रनगर पुलिस ने चोरी गया ट्रक किया बरामद

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/थाना देवेन्द्रनगर पुलिस ने चोरी के आरोपी सहित ट्रक को पकड़ लिया है, जानकारी के अनुसार बीति रात्रि ट्रक चालक ट्रक को मालिक के दरबाजे पर खड़ा करके खाना खाने चला गया था, लेकिन जब वह खाना खा कर वापिस लौटा तो ट्रक उक्त स्थान पर नहीं था, जिसके संबंध में फरियादी अनवर खान पिता सुभान खान उम्र 50 साल निवासी वार्ड क्र.12 देवेन्द्रनगर थाना देवेन्द्रनगर जिला पन्ना म.प्र. ने थाना आकर रिपोर्ट किया कि मैं भगवा जिला छतरपुर से पशु आहार ट्रक क्र.यूपी 95 टी 4580 मैं लोड करके मऊ आजमगढ उ.प्र. के लिये लेकर जा रहा था रात करीब 09.00 बजे मैं देवेन्द्रनगर ट्रक लेकर पहुंचा ट्रक को वाहन स्वामी आरती जैन के घर के सामने सतना रोड देवेन्द्रनगर में खडा करके अपने घर खाना पीना खाने चला गया था, रात करीब 11 बजे देखा तो ट्रक वहाँ पास खड़ा नहीं था, कोई अज्ञात चोर ट्रक को चुराकर ले गया था। फरियादी की रिपोर्ट पर पुलिस ने थाना देवेन्द्रनगर में अपराध क्र.577/2024 धारा 303(2) बी.एन.एस. का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया तथा मामले की जानकारी पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा एस.थोटा को दी गई। उन्होने मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर को तत्काल देवेन्द्रनगर के चारों तरफ घेराबन्दी करने हेतु निर्देशित किया गया, थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर निरी रामहर्ष सोनकर द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह एवं श्रीमान एसडीओपी एस.पी.सिंह बघेल के मार्गदर्शन में थाना स्तर पर पुलिस टीम का गठन किया जाकर देवेन्द्रनगर के चारों तरफ जाने वाली रास्तो में नाकाबंदी की गई, और तत्काल आरोपी को गिरफ्तार किया गया तथा ट्रक बरामद किया गया। उक्त ट्रक में पशु आहार लदा हुआ था, जिसकी कीमत लगभग 7 लाख है तथा ट्रक की कीमत 20 लाख रूपये है। जिसकी जप्ती बनाई गई। उक्त ट्रक को आरोपी अनुज सिंह उर्फ वीरू पिता सम्मेलन सिंह उर्फ पप्पू उम्र 22 साल निवासी वार्ड क्रमांक 6 बस्ती देवेंद्र नगर थाना देवेंद्र नगर जिला पन्ना मध्य प्रदेश के द्वारा चोरी किया गया था। जिसमें पुलिस ने आरोपी सहित ट्रक को माल सहित जप्त कर लिया है। उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर के अलावा उपनिरी रतिराम प्रजापति, सउनि राजेन्द्र नामदेव, प्रआर धीरेन्द्र, रामकरण प्रजापति, बाबूलाल प्रजापति, आदित्य कुशवाहा, आरक्षक दिलीप शर्मा, संजय बघेल, भरत पाण्डेय, महिला आरक्षक दिव्या सिंह, अंशिका सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

# बड़े बुजुर्गों के साथ बच्चों को ठण्ड से बचाव की जरुरत-कलेक्टर श्री कोचर

## -नवजात बच्चों को माँ के साथ रखें

## -मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जैन ने की एडवाइजरी जारी

**राजकुमार दुबे**

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह। तापमान में गिरावट के साथ शीतलहर का दौर जारी है, इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिये कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले के नागरिकों को शीतलहर से बचाव करने की सलाह दी है। उन्होंने कहा है, बड़े-बुजुर्गों के साथ बच्चों को ठण्ड से बचाव की जरूरत होती है, शीत लहर में गरम कपड़े, अलावा आदि का उपयोग किया जाये और ठण्ड से बचा जाये, इस मौसम में बड़े-बुजुर्गों के साथ बच्चों के स्वास्थ्य का खास ख्याल रखने की आवश्यकता है। इस संबंधी में कलेक्टर श्री कोचर ने सीएमएचओ को एडवाइजरी जारी करने के निर्देश दिये हैं।

इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मुकेश जैन ने एडवाईजरी जारी करते हुए कहा है कि, हाईपोथर्मिया बच्चों के मौत का प्रमुख कारण है, ऐसे में नवजात शिशुओं-बच्चों को ठण्ड से बचाना बेहद अहम् है। एहतियातन ठण्ड से बचाने के लिये बच्चे के सिर को ढक कर रखें, ठण्डी हवा से बचाये। उन्होंने कहा बच्चों में बुखार के साथ छूने पर शरीर का ठंडा महसूस होना, छाती में भीतर की ओर धसाव आना, पेट फूलना, हाथ-पांव ढीले पड़ना, उल्टी करना, झटके जैसे लक्षण दिखाई देने पर बिना विलंब किये चिकित्सक से संपर्क करें, चिकित्सक द्वारा दिये गये परामर्श अनुसार पूर्ण ईलाज लेना आवश्यक है।

***ठण्ड से बचाव के लिये शिशु के तलवे और हथेली रखें गर्म***

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जैन ने बताया कि बच्चों को ठण्ड से बचाव के लिये शिशु के तलवे और हथेली गर्म रखें, पैरों एवं हाथों में मौजे पहनाएँ। शिशु का सिर ढँक कर रखें। नवजात शिशु को माँ के साथ रखें। इस बात का विशेष ध्यान रखें कि कमरा गर्म हो, उस जगह पर हवा न हो, ठण्डे मौसम में नवजात छोटे शिशुओं को नहलाने से बचें, नाल को साफ-सूखा रखें, ठण्ड से बचाव के लिये तीन परतों में कपड़े पहनाएँ।

# खाद नहीं मिलने से किसानों ने हाइवे पर किया चक्काजाम, छतरपुर एसडीएम तहसीलदार ने टोकन बंटवा कर किसानों को बंटवाया यूरिया खाद

## आधे घंटे से अधिक समय तक हरपालपुर रेलवे क्रॉसिंग पर जाम रहा झाँसी मिर्जापुर हाइवे

**सुरेन्द्र सिंह**

परिहार गर्जना न्यूज। हरपालपुर। जिले में खाद का संकट बरकरार है। जिले में खाद स्टॉक होने बाद भी खाद वितरण में लापरवाही के चलते किसानों को समय यूरिया खाद नहीं मिलने से नाराज किसानों ने हरपालपुर रेलवे क्रॉसिंग पर किसानों ने चक्का जाम किया कर दिया। गुरुवार को किसान सुबह से कृषि उपज मंडी में स्थित मार्कफेड गोदाम यूरिया खाद लेने पहुँचे। किसानों की भारी भीड़ हंगामे के चलते मार्कफेड गोदाम के कर्मचारियों द्वारा किसानों के हंगामे को देखते हुए खाद वितरण बंद कर दिया। थाना पुलिस को मौके व्यवस्था बनाने के लिए कहा लेकिन थाना पुलिस बल सीएम ड्यूटी जाने के चलते खाद वितरण कराने पुलिस बल नहीं मिलने से मार्कफेड गोदाम के कर्मचारियों ने खाद वितरण बंद कर दिया। किसानों को खाद नहीं मिलने की शिकायत जिले के वरिष्ठ अधिकारियों को मिलने पर नौगाँव नायाब तहसीलदार पूजा भोरहरी राजस्व अमले को भेजा



करीब एक घंटे बाद जब कृषि उपज मंडी हरपालपुर पहुँची नायाब तहसीलदार पूजा भोरहरी ने खाद न मिलने से आक्रोशित किसानों को देखा तो वो पुलिस बल लेने थाने जाने लगी तो नाराज किसानों ने भीड़ ने रेलवे क्रॉसिंग पर पहुँच कर जाम लगा दिया। नायाब तहसीलदार की गाड़ी के रोकने का प्रयास करने लगे। राजस्व अमले के समझाने के बाद नायाब तहसीलदार की गाड़ी को किसानों ने जाने दिया। इस बाद किसानों ने रेलवे क्रोसिंग हाइवे पर बैठ कर चक्काजाम लगा दिया। इस दौरान जय जवान जय किसान के नारेबाजी करते रहे किसानों ने आरोप लगाया कि उनको समय पर यूरिया का वितरण नहीं किया जा रहा हैं। निजी खाद विक्रेता 400 रुपयो में यूरिया की बेच रहे हैं। जाम की सूचना पर पहुंची थाना पुलिस व किसानों के बीच काफी नोंकझोंक हुई किसान यूरिया का वितरण शुरू कराने की मांग करने लगे।

किसानों के चक्काज़ाम की सूचना पर छतरपुर एसडीएम अखिल राठौर तहसीलदार संदीप तिवारी अन्य अधिकारियों से चक्काजाम कर रहे किसानों यूरिया का वितरण टोकन देकर का बंटवाने का आश्वासन दिया तब शांत हुए। किसानों ने चक्काजाम खत्म कर दिया। इस दौरान हाईवे पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने जाम खुलवा कर मार्कफेड गोदाम कृषि मंडी परिसर पहुँच कर किसानों से कर बात को उनको यूरिया मिल रहा है। आप सभी लोग लाइन लगा ले सभी को टोकन दिए जा रहे हैं, वह यूरिया व अन्य खाद का वितरण किया जाएगा। एसडीएम अखिल राठौर तहसीलदार संदीप तिवारी ने पुलिस फोर्स के साथ मोर्चा सम्हाला तब स्थिति सामान्य हो सकी। इस केन्द्र पर अल सुबह से ही किसानों की लंबी लाइन लगी थीं। प्राशसनिक अधिकारियों ने किसानों को टोकन वितरण करवा कर मार्कफेड गोदाम खाद वितरण के दो काउंटर शुरू करवा कर किसानों को मार्कफेड गोदाम में स्टॉक यूरिया के स्टॉक के अनुरूप तीन तीन बोरी यूरिया का वितरण शुरू कराया।

***क्यों हुआ है हंगामा***

मार्कफेड खाद वितरण केन्द्र पर सुबह से किसानों की भारी भीड़ में कुछ नशे में धुत असामाजिक तत्वों ने किसानों को भड़का कर हाइवे पर चक्काजाम लगवा दिया। नगर के सरकारी व प्राइवेट केन्द्रों के लिए यहीं से खाद का पर्याप्त स्टॉक होने के बाद भी किसानों खाद सही तरीके से वितरण नहीं होने से किसान नाराज थे। विडंबना इस बात की है कि पहले टोकन और फिर खाद के लिए किसान घंटों लाइन में लगे यदि निजी खाद दुकानों पर भी खाद लेने जाते तो उनको महंगे दामों पर खाद दिया जा रहा हैं। किसानों ने आरोप लगाया उनकी फसल में पानी लग गया यदि यूरिया नहीं मिला तो फसल में बढ़ोतरी नहीं होगी।

**इनका कहना**

मार्कफेड गोदाम से किसानों को यूरिया का वितरण शुरू नहीं होने से नाराज किसानों ने हाइवे पर चक्काजाम की सूचना मिली थी। मौके पर पहुँच कर किसानो को समझाइश देकर खाद वितरण शुरू करवाया गया। जिले में खाद पर्याप्त स्टॉक हैं किसानों खाद का वितरण किया जा रहा हैं।

***एसडीएम छतरपुर अखिल राठौर***

यूरिया नहीं मिलने किसानों के चक्काज़ाम की सूचना पर मौके पर पहुँच कर जाम खुलवा कर खाद लेने आये किसानों यूरिया का वितरण करवाया। ***छतरपुर तहसीलदार संदीप तिवारी***

# जमानत के लिए जमीन की बंदी नहीं दी तो अपने ही रिश्तेदार की दो सगे भाइयों ने कर दी हत्या

## -परिजन उसे गंभीर हालत में सिविल अस्पताल ले गए लेकिन रास्ते में ही करतार ने तोडा दम

## - घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए, पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू की

**राजेश बबेले**

परिहार गर्जना न्यूज। बीना/जमानत के लिए जमीन की बंदी नहीं दी तो अपने ही रिश्तेदार की दो सगे भाइयों ने कर दी हत्या परिजन उसे गंभीर हालत में सिविल अस्पताल ले गए लेकिन रास्ते में ही करतार ने तोडा दम घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू की। मिली जानकारी के मुताबिक बीना ब्लॉक के ग्राम भानगढ़ थाना क्षेत्र के ढांड गांव में जमानत के लिए जमीन की बंदी नहीं देने की बात को लेकर दो सगे भाइयों ने अपने ही दूर के एक रिश्तेदार की चाकू मारकर हत्या कर दी। मिली जानकारी के अनुसार करतार पिता तुलाराम अहिरवार (38) बुधवार रात अपने घर पर बैठा हुआ था। तभी उसी गांव में रहने वाले उसके दूर के रिश्तेदार नीलेश अहिरवार, मौजी उर्फ मोहन अहिरवार आए और किसी मामले में जमानत के लिए जमीन की बंदी मांगने लगे। तभी करतार ने जमीन की बंदी देने से मना कर दिया तो विवाद बढ़ गया। दोनों सगे भाई गाली गलौज करने लगे। जब करतार ने गाली गलौज करने से मना किया तो दोनों भाइयों ने उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। इसी दौरान दोनों भाइयों ने करतार पर चाकू से हमला कर दिया। परिजन उसे गंभीर हालत में सिविल अस्पताल ले गए। लेकिन रास्ते में ही करतार ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव का पोस्टमॉर्टम कराया। पीएम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।



***इनका कहना है***

दोनों आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है। ***भानगढ़ थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह भदोरिया***

# कर्मचारी लापरवाही न बरते अन्यथा कार्यवाही के लिए तैयार रहे - नपाध्यक्ष लता सकवार

## नपा अध्यक्ष ने किया इटावा मुक्तिधाम का निरीक्षण



परिहार गर्जना न्यूज। बीना/नगर पालिका अध्यक्ष ने बुधवार को इटावा मुक्तिधाम का निरीक्षण किया,परिसर में पर्याप्त लाइट की व्यवस्था के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर तत्काल हाइमास्क की लाइटों को बदलवाया और परिसर में अन्य जगहों पर भी प्रकाश के लिए लाइट लगवाई, मुक्तिधाम परिसर में निर्मित इलेक्ट्रिक शवदाह ग्रह का भी जायजा लिया और अधिकारियों को इसे जल्द चालू करने को कहा, कोरोनकाल में मौत के आंकड़ों को देखते हुए शासन से बिजली शवदाह गृह का निर्माण कराया गया, जल्द ही बिजली शव दाह घर मशीन के और बिजली शिफ्टिंग का काम चालू कर लगभग सप्ताह भर बाद उसकी टेस्टिंग की जाएगी। पर्यावरण और खर्चे में कमी आएगी। नपाध्यक्ष लता सकवार ने बताया कि शवों को जलाने के लिए अभी लकड़ी का इस्तेमाल किया जाता है वर्तमान में लकड़ी का मूल्य अधिक है और शवों को जलाने के लिए लगभग 3 से 4 क्विंटल लकड़ी की आवश्यकता होती है ऐसे में देखा जाए तो शव को जलाने के लिए स्वजनों को अधिक खर्च करना पड़ता है। बिजली शव दाह के आस्तिव में आने से पर्यावरण संरक्षण होगा और स्वजनों के जेब के खर्च का बोझ कम होगा।

निरीक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारियों से नपा अध्यक्ष ने कहा कि शहर किसी भी प्रकार की समस्या हो उसका समाधान तुरंत कराया जाएं उनमें कोई भी कोताही न बरतें, ताकि नगर के लोगों को परेशानी न हो, अन्यथा कार्यवाही के लिए तैयार रहे। सीएमओ रामप्रकाश जगनेरिया से कहा कि परिसर में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाएं और यहां बने पार्क को भी डेवलप करें।

# मादक पदार्थ की तस्करी में गिरफ्तार आरोपी की मां ने सदर मंडल अध्यक्ष के लिए किया आवेदन



**आलोक तिवारी**

परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा राज्य में भाजपा सरकार सत्ता में होने के चलते भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक चुनावों में कुछ ऐसे लोगों द्वारा पद प्राप्त करने का आवेदन किया जा रहा है। जिनके परिजनों द्वारा अपराधी गतिविधियों में पूर्ण भागीदारी है। ऐसे में भाजपा संगठन की समाज में दोगली व हास्यास्पद स्थिति बन रही है। लोगों का कहना है कि एक ओर तो योगी सरकार प्रदेश में गुंडाराज खत्म करने के लिए क्या कार्य कर रही है। वहीं दूसरी ओर संगठन में ऐसे लोगों को जिम्मेदारियां दी जाएगी, जिनके परिजन आपराधिक गतिविधियों में शामिल है ।

ऐसा ही एक मामला वर्तमान में भाजपा सदर मंडल अध्यक्ष के लिए आवेदन करने वालों उम्मीदवारों के नाम सामने आने पर प्रकाश में आया है। जिसमें एक महिला प्रत्याशी द्वारा सदर मंडल अध्यक्ष के लिए आवेदन किया गया है । वहीं वही महिला प्रत्याशी का पुत्र मादक पदार्थों की तस्करी करने के जुर्म में पुलिस द्वारा पकड़ा गया है। महिला प्रत्याशी के पुत्र को पुलिस द्वारा विगत दिनों लगभग 14 किलो गांजा की तस्करी करने के जुर्म में पकड़ा गया है। वहीं आरोपी कि मां द्वारा सदर भाजपा मंडल अध्यक्ष पद के लिए आवेदन करने की बात जानकार लोग हैरान है और शहर में चर्चाओं का दौर जारी है कि आपराधिक गतिविधियों में शामिल लोगों के परिजन यदि भाजपा में मंडल अध्यक्ष चुने जाएंगे। तो कैसे योगी सरकार प्रदेश में गुंडाराज एवं अपराधी प्रवृत्ति के लोगों पर अंकुश लग पाएगी। दूसरी ओर भाजपा सदर मंडल अध्यक्ष के लिए आवेदन करने वाले प्रत्याशी और पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा इस पूरे मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा है । ताकि पार्टी की छवि खराब ना हो, वही कुछ लोग महिला के समर्थन में भी खड़े हुए हैं। जो उसके पुत्र के द्वारा की जा रही आपराधिक गतिविधियों में भी सहयोग करते रहते हैं। लोगों में चर्चा है कि सत्ताधारी दल भाजपा से जुड़ने के लिए अपराधिक गतिविधियों में शामिल लोग भाजपा संगठन में किसी भी सूरत में पद प्राप्त करने के लिए हर संभव कोशिश कर रहे हैं। आरोप यही भी लगाए जा रहे है कि सदर मंडल अध्यक्ष जैसा मजबूत पद हासिल करने के लिए उक्त महिला प्रत्याशी द्वारा धन बल का भी सहारा लिया जा रहा है। ऐसे में प्रश्न उठता है कि यदि धनबल और जोड़ - तोड़ से आपराधिक प्रवृत्ति के लोग यदि भाजपा संगठन में पद प्राप्त कर लेंगे तो भाजपा व योगी सरकार की छवि पर बट्टा लगना स्वाभाविक है।

# टीकमगढ़ विधायक यादवेंद्र सिंह ने गिरी ग्रुप कंस्ट्रक्शन को किए गए भुगतान के संबंध में विधायक अनिल जैन ने ओरछा रेलवे अंडर ब्रिज और निवाड़ी ओवरब्रिज के संबंध में तथा पृथ्वीपुर विधायक नितेंद्र सिंह राठौर ने गौशालाओं के संबंध में किए प्रश्न

**राजा खरे**

परिहार गर्जना न्यूज । निवाड़ी । विधानसभा शीतकालीन सत्र समाप्त होने के एक दिन पहले टीकमगढ़ विधायक यादवेंद्र सिंह निवाड़ी विधायक अनिल जैन और पृथ्वीपुर विधायक नीतेंद्र सिंह राठौर के द्वारा विधानसभा में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए विभिन्न विभागों के मंत्रियों से प्रश्न पूछे गए जिसमें टीकमगढ़ विधायक यादवेंद्र सिंह के द्वारा सिद्धि विनायक कंस्ट्रक्शन एवं गिरी ग्रुप कंस्ट्रक्शन टीकमगढ़ को विगत 10 वर्षों में कुल कितने कार्यों का भुगतान किए जाने के संबंध में प्रश्न किया गया वहीं पृथ्वीपुर विधायक नीतेंद्र सिंह राठौर के द्वारा पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री लखन पटेल से गौशालाओं के संबंध में जानकारी चाही गई जबकि विधायक अनिल जैन के द्वारा विश्व प्रसिद्ध धार्मिक नगरी ओरछा में रेलवे अंडर ब्रिज में पानी भर जाने से आवागमन में व्यवधान के संबंध में तथा जिला मुख्यालय निवाड़ी पर निर्माणाधीन चल रहे रेलवे ओवरब्रिज के संबंध में जानकारी लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह से चाही गई।

***पृथ्वीपुर विधायक नीतेंद्र सिंह राठौर***

विधानसभा क्षेत्र पृथ्वीपुर से विधायक नीतेंद्र सिंह राठौर ने विधानसभा के शीतकालीन सत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री लखन पटेल से जानकारी चाही कि प्रदेश में गौ माता सड़क पर घूम रही है और यदि घूम रही है तो क्यों घूम रही है तथा प्रदेश में कितनी गौशालाएं बनाई गई है इसके साथ-साथ विधायक श्री राठौर ने जानकारी चाही कि सड़क पर दुर्घटनाग्रस्त गौ माता एवं व्यक्तियों के इलाज की सरकार द्वारा क्या व्यवस्था की गई है। विधायक नीतेंद्र सिंह राठौर के प्रश्न का उत्तर देते हुए राज्य मंत्री पशुपालन एवं डेयरी लखन पटेल द्वारा बताया गया कि प्रदेश में गौ माता सड़क पर नहीं घूम रही है यह गौवंश पशु मालिकों द्वारा छोड़ा गया गौवंश है तथा प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में गौशालाएं बनाई गई हैं मुख्यमंत्री गौ सेवा योजना अंतर्गत 2727 गौशालाएं पूर्ण निर्मित हो चुकी है इसके अतिरिक्त अशासकीय स्वयं सेवी संस्थाओं द्वारा 638 गौशालाएं संचालित हैं इसके साथ-साथ पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री द्वारा बताया गया कि किसी भी प्रकार की सड़क दुर्घटना पर दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति के इलाज के लिए शासन द्वारा 108 एंबुलेंस की व्यवस्था की गई है तथा दुर्घटनाग्रस्त पालतू पशुओं के लिए स्थानीय पशु चिकित्सालय में उपचार की सुविधा उपलब्ध है एवं पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा पशुओं के उपचार हेतु 1962 एम व्ही यू की व्यवस्था की गई है। इसके साथ-साथ पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री ने बताया कि गौ वंश को सड़क एवं आम रास्तों पर से गौशाला में भेजा जाना एक सतत प्रक्रिया है जिनकी समय सीमा बताया जाना संभव नहीं है।

***विधायक अनिल जैन***

विधानसभा के शीतकालीन सत्र में सत्र समाप्ति के एक दिन पहले विधायक अनिल जैन ने लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह से जानकारी चाही कि विधानसभा क्षेत्र निवाड़ी अंतर्गत आने वाले ऐतिहासिक एवं धार्मिक नगर ओरछा में रेलवे स्टेशन के समीप स्थित रेलवे अंडर ब्रिज में पानी भर जाने से आवागमन में व्यवधान उत्पन्न होता है जिसके चलते उक्त अंडर ब्रिज को लगभग हर महीने मरम्मत किए जाने के लिए दो से तीन दिन तक ओरछा का मुख्य मार्ग बंद रखा जाता है उक्त मार्ग पर आवागमन बाधित न हो इसके लिए क्या स्थाई समाधान किए जाने के लिए कोई कार्य योजना तैयार की गई है और यदि की गई है तो कृपया जानकारी दें इसके साथ-साथ विधायक श्री जैन ने सुलभ आवागमन के लिए ओवर ब्रिज का निर्माण कराए जाने की कार्यवाही के संबंध में भी जानकारी मांगी। विधायक अनिल जैन के प्रश्न का उत्तर देते हुए लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने बताया कि रेलवे अंडर ब्रिज का कार्य लोक निर्माण विभाग के कार्य क्षेत्र अंतर्गत नहीं है अपितु यह रेल विभाग से संबंधित है । विधायक अनिल जैन के द्वारा किए गए प्रश्न पर रेल विभाग से प्राप्त पत्र के संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि पूर्व में बारिश के समय अत्यधिक जल रिसाव के कारण रेल अंडर ब्रिज पर जल भराव की स्थिति उत्पन्न होती थी जिसे पंप लगाकर जल निकास का प्रबंध कराया जाता रहा है परंतु ओरछा में अंडर ब्रिज के रिसाव को रोकने के लिए मरम्मत कार्य कराया गया है साथ ही एक ड्रेन बनाकर जल निकासी की व्यवस्था कर दी गई है ताकि जल भराव की स्थिति ना रहे और ड्रेन से जल निकास होता रहे। सड़क तल पर भी सुधार कार्य कराए गए हैं इसके साथ-साथ रेल विभाग के पत्र में बताया गया कि ओरछा अंडर ब्रिज के पास ही में छोटे चार पहिया एवं दो पहिया वाहनों के लिए एक सीमित ऊंचाई के नए अतिरिक्त अंडरपास का निर्माण भी कराया जा रहा है ताकि छोटे वाहनों को असुविधा न रहे और इस अतिरिक्त अंडरपास के निर्माण का कार्य सन 2025 मानसून पूर्व तैयार किया जाएगा इसके साथ-साथ रेलवे विभाग के पत्र में बताया गया कि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के द्वारा एक अतिरिक्त सड़क ओरछा हेतु प्रस्तावित की है जो की झांसी मिर्जापुर राजमार्ग को ओरछा धाम से जोड़ेगी तथा इस सड़क पर ओरछा स्टेशन के समीप झांसी छोर पर एक रोड ओवर ब्रिज प्रस्तावित किया गया है जिसका संयुक्त निरीक्षण एवं सर्वेक्षण कार्य पूर्ण हो चुका है।

विधायक अनिल जैन ने जिला मुख्यालय पर झांसी मानिकपुर रेलवे लाइन पर बना रहे रेलवे ओवरब्रिज के संबंध में भी प्रश्न करते हुए जानकारी मांगी कि निवाड़ी में झांसी मानिकपुर रेलवे लाइन पर ओवर ब्रिज का निर्माण किया जा रहा है जिसके संबंध में जन सामान्य की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए यातायात अवरुद्ध न हो इस हेतु ओवरब्रिज से तीसरा लेग़ उतारे जाने की मांग की गई थी उक्त पत्र पर प्रश्न दिनांक तक क्या कार्रवाई की गई है तथा ब्रिज निर्माण का कार्य किस कंपनी के द्वारा किया जा रहा है। ब्रिज निर्माण में उपयोग की जाने वाली सामग्री का परीक्षण किस स्तर पर किया गया तथा कितनी राशि का भुगतान कंपनी को किया गया है। विधायक अनिल जैन के प्रश्न का उत्तर देते हुए लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने बताया कि रेलवे ओवर ब्रिज के निर्माण में तीसरे लेग को उतारे जाने के लिए पत्र प्राप्त हुआ है जिसका परीक्षण कराया जा रहा है तथा कार्यपालन यंत्री अधीक्षण यंत्री और मुख्य अभियंता के द्वारा ओवर ब्रिज निर्माण का समय-समय पर निरीक्षण किया गया है इसके साथ-साथ लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने बताया कि ओवर ब्रिज निर्माण का कार्य वंशिका कंस्ट्रक्शन नरसिंहपुर द्वारा किया जा रहा है तथा ओवर ब्रिज निर्माण करने वाली कंपनी को 334.60 लाख रुपए का भुगतान किया गया है।

***टीकमगढ़ विधायक यादवेंद्र सिंह***

विधानसभा के शीतकालीन सत्र में टीकमगढ़ विधायक यादवेंद्र सिंह ने नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से प्रश्न करते हुए जानकारी चाही कि सिद्धि विनायक कंस्ट्रक्शन टीकमगढ़ एवं गिरी ग्रुप कंस्ट्रक्शन टीकमगढ़ को विगत 10 वर्ष में कितने कार्यों का भुगतान किया गया तथा नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा टीकमगढ़ नगर पालिका में करोड़ों की भ्रष्टाचार का मामला ई ओ डब्लू अथवा लोकायुक्त को क्यों नहीं सोपा गया। विधायक यादवेंद्र सिंह के प्रश्न का उत्तर देते हुए नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि निकाय द्वारा सिध्दी विनायक कंस्ट्रक्शन टीकमगढ़ को 121 कार्यों का भुगतान किया है एवं गिरी ग्रुप कंस्ट्रक्शन टीकमगढ़ को कोई भी कार्य का भुगतान विगत 10 वर्षों में नहीं किया गया है इसके साथ-साथ नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि नगर पालिका परिषद टीकमगढ़ द्वारा वर्ष 2019 से 2023 तक की गई अनियमितताओं पर लोकायुक्त प्रकरण पंजीबद्ध है।

## आगुंतक कृपया ध्यान दें, वृंदावन धर्म नगरी है पर्यटन स्थल नहीं

**-पहनावे से दिखें संस्कार, उटपटांग कपडे पहन कर न आएं**

**-अमर्यादित वस्त्र पहनकर बांके बिहारी मंदिर ना आने की अपील**

**-मंदिर प्रबंधन ने आने जाने मार्ग पर बैनर लगाकर की अपील**

परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा विश्व प्रसिद्ध ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में देश विदेश के कोने से हर दिन अपने आराध्य के दर्शन करने के लिए लाखों की संख्या में श्रद्धालु मथुरा-वृंदावन पहुंचते हैं लेकिन अब बांके बिहारी मंदिर में अमर्यादित कपड़े पहनकर आने से मना करने की अपील मंदिर प्रबंधन द्वारा श्रद्धालुओं से आने जाने वाले मार्ग पर बैनर के माध्यम से की गई है विगत दिनों वृंदावन के कई मंदिरों सहित बरसाना के राधा रानी मंदिर में भी बाहर से आने वाले वाले श्रद्धालुओं द्वारा अमर्यादित कपड़ों पर प्रतिबंध लगाया गया था। इसी क्रम में अब बांके बिहारी मंदिर में भी अमर्यादित वस्त्र पहनकर ना आने की श्रद्धालुओं से अपील की गई है। विश्व प्रसिद्ध ठाकुर बांके बिहारी जी मंदिर में हर दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु अपने आराध्य की झलक पाने के लिए आते हैं लेकिन कई बार देखा गया है कि श्रद्धालु मंदिर परिसर




में अमर्यादित कपड़े पहनकर प्रवेश करते हैं जिससे मंदिर की प्रतिष्ठा पर फर्क पड़ता है बांके बिहारी आने जाने वाले_मार्गों पर बैनर लगाकर श्रद्धालुओं से मर्यादित_कपड़े ही पहनकर मंदिर में प्रवेश करने की अपील की गई है इसके साथ ही मंदिर में छोटे कपड़े, हॉफ पैंट, मिनी स्कर्ट, नाइट सूट, कटी-फटी जींस पहनकर न आने की_अपील की गई है वहीं मंदिर में साड़ी, सूट, पैंट-शर्ट जैसे मर्यादित कपड़े पहनकर ही आएं ऐसा मंदिर प्रबंधन की तरफ से कहा गया है। अपील के बैनर पोस्टर लगने के बाद मंदिर के सेवायत मयंक गोस्वामी ने कहा कि मन्दिर प्रबंधन की अपील बहुत जरूरी है,क्योंकि जिस तरह से कुछ लोग मंदिर में अमर्यादित कपड़े पहनकर आते है जैसे वो भगवान के दर्शन नहीं बल्कि पिकनिक बनाने को आए है वहीं उन्होंने भक्तों से खासकर महिलाओं के साथ साथ लड़कियों से अपील की है कि आप यहां वृंदावन बांकेबिहारी के दर्शन को आए उन्होंने कहा कि कपड़े पहनने में कोई बुराई नहीं मगर सिर्फ यहां की धार्मिक आस्था और संस्कृति के साथ ठाकुर जी की मर्यादा को ध्यान में रखकर मर्यादित वस्त्र ही पहने ताकि यहां मंदिर में आकर भगवान के भक्ति भाव के साथ पूरी आस्था और मर्यादा के साथ दर्शन पूजन कर सकें।

# गौवंश के कंकाल मिलने से क्षेत्र में फैली सनसनी

## गौ सेवकों ने तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन







**राजाराम साहू**

परिहार गर्जना न्यूज। घुवारा। जनपद पंचायत बड़ामलहरा की ग्राम पंचायत भोंयरा के चौधरीखेरा गांव में पशुओं के कंकाल मिलने की घटना ने पूरे इलाके को हिला दिया है। चौधरीखेरा में करीबन सैकड़ों गाय बैल के कंकाल पाए गए हैं ।इस घटना से गौसेवा संगठनों में आक्रोश फैल गया। ग्राम चौधरीखेरा में बने ग्राम पंचायत के मंगल भवन में बड़ी संख्या में गायों के अवशेष मिलने के बाद, गौसेवों ने आज दोपहर में इस पूरी घटना को लेकर तहसीलदार घुवारा एवं उपथाना प्रभारी को एक ज्ञापन सौंप कर यह कृत करने वालों और अनदेखी करने वाले जिम्मेदारों के खिलाफ शख्त कार्यवाही की मांग की है ।ताकि भविष्य में इस तरह की निंदनीय घटना और गौ माताओं पर इस तरह का अत्याचार न हो सके ।वहीं इस संबंध में घुवारा तहसीलदार कपिल शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि आज गौसेवकों द्वारा दिए ज्ञापन के संबंध में मौके पर पुलिस बल के साथ मुआयना किया गया जहां पर पंचायत द्वारा बनाए गए मंगल भवन को देखा गया जहां पर पशुओं के कोई भी कंकाल नहीं मिले ग्रामीणों से पूंछताँच में यह पता चला है कि पंचायत द्वारा उस मंगल भवन से सभी कंकाल हटा कर कहीं दफना दिए गए हैं ।फिलहाल जांच की जा रही है ।जांच में जो भी दोषी पाया जाता है ।उसके विरुद्ध शख्त कार्यवाही की जायेगी।

***ग्रामीणों ने कहा सरपंच और रोजगार सहायक की लापहवाही से हुई गौवंश की यह दुर्दशा***

आपको बता दें कि ग्रामीणों ने नाम न उजागर करने की शर्त पर जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम पंचायत भौंयरा ठेका पर चलने वाली पंचायत है ।इसलिए सरपंच और रोजगार सहायक की लापहवाही के चलते इन पशुओं की जान गई है ।क्योंकि कि रोजगार सहायक नरेंद्र राय को हम लोगों ने कई बार बताया कि मंगल भवन में करीब बीस से ज्यादा पशु बंद हैं ।लेकिन उनके द्वारा कोई प्रतिक्रिया नहीं देने के चलते किसी ने कोई आपत्ति नहीं की जबकि पास में बस्ती में बहुत बदबु आती रही ।इसके बाद अब यह मामला उजागर हुआ है।

# सुपर स्पेशियलिटी सुविधाओं का विस्तार करने के लिये सरकार प्रतिबद्ध- उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल

## रीवा में एक ही दिन में 2 मरीजों का सफल किडनी प्रत्यारोपण पर दी बधाई




भोपाल 19 दिसंबर। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल रीवा में सफल दोहरे किडनी प्रत्यारोपण के लिए संपूर्ण चिकित्सा टीम को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को सुदूर क्षेत्रों तक सशक्त और सुलभ बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। यह सफलता राज्य के हर हिस्से में सुपर स्पेशियलिटी सुविधाओं को विस्तार देने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। रीवा में यह ऐतिहासिक उपलब्धि प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा देने का कार्य करेगी।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि राज्य सरकार अंग प्रत्यारोपण जैसे जटिल चिकित्सा प्रक्रियाओं के लिए आवश्यक संसाधनों और विशेषज्ञता को हर मेडिकल संस्थान में सुलभ बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने इस उपलब्धि को रीवा और पूरे प्रदेश के लिए गर्व का क्षण बताते हुए टीम की मेहनत और समर्पण की सराहना की।

उल्लेखनीय है कि सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, रीवा में ट्रांसप्लांट फिजिशियन और नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. रोहन द्विवेदी और ट्रांसप्लांट सर्जन व यूरोलॉजिस्ट डॉ. पुष्पेंद्र शुक्ला के नेतृत्व में एक ही दिन में दो मरीजों का सफलतापूर्वक किडनी प्रत्यारोपण किया गया। इनमें से एक महिला मरीज को उनकी माता द्वारा और एक पुरुष मरीज को उनके बड़े भाई द्वारा किडनी दान की गई। दोनों मरीज स्वस्थ हैं और 17 दिसंबर को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिए गए हैं। यूरोलॉजी विभाग के डॉ. विवेक शर्मा, डॉ. आशीष घनघोरिया, डॉ. बृजेश तिवारी और डॉ. विजय शुक्ला, निश्चेतना विभाग के डॉ. आलोक प्रताप सिंह, डॉ. सुभाष अग्रवाल, डॉ. राजीव द्विवेदी, डॉ. रवि प्रकाश सिंह, और डॉ. एल. पी. सिंह सहित ओटी और केटीयू स्टाफ ने इस प्रक्रिया में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# केन-बेतवा लिंक परियोजना के साकार होने से ... प्रथम पृष्ठ का शेष-

तक पहुंचाने का आग्रह मुख्यमंत्री से किया। इसके अलावा उन्होंने विधानसभा के जटाशंकर धाम में वन विभाग के कारण रुके हुए रोपवे कार्य को पूरा कराने, सटई में महाविद्यालय और जटाशंकर मार्ग का निर्माण कराने की मांग रखी, जिसे मुख्यमंत्री ने अपने उद्बोधन में पूरा करने की घोषणा की है। तदपुरांत भाजपा प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा और वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री तथा चंदला विधायक दिलीप अहिरवार ने उद्बोधन देकर केन-बेतवा लिंक परियोजना पर प्रकाश डाला।

### *मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को बताया वर्तमान समय का भागीरथ-मुख्यमंत्री*

जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने केन-बेतवा लिंक परियोजना के परिप्रेक्ष्य में कहा कि हमने भागीरथ को नहीं देखा लेकिन हमारे प्रधानमंत्री वर्तमान समय के भागीरथ हैं जो केन-बेतवा लिंक परियोजना के माध्यम से बुंदेलखंड में गंगा को लाने का भागीरथी प्रयास कर रहे हैं। सीएम ने बुंदेलखंडवासियों की हिम्मत की तारीफ करते हुए कहा कि यहां के लोग धैर्यवान होते हैं और किसी के सामने झुकते नहीं है। उन्होंने महाराजा छत्रसाल का उदाहरण देते हुए कहा कि मुगलों ने पूरे देश में राज किया लेकिन महाराजा छत्रसाल की शूरवीरता से बुंदेलखंड ने कभी अधीनता नहीं स्वीकारी। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी ने जब यह परिकल्पना अपने दिमाग में रखी तो उसके साथ बुंदेलखंड भी उनके हृदय बैठा था। यही वजह है कि देश की सबसे बड़ी और पहली महत्वाकांक्षी परियोजना का शुभारंभ बुंदेलखंड की धरती से हो रहा है। इस परियोजना के साकार होने के बाद बुंदेलखंड, पंजाब और हरियाणा से भी आगे होगा। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज क्षेत्र की जनता को 162 करोड़ के 18 विकास कार्यों की सौगात मिली है। इसके अलावा क्षेत्रीय विधायक राजेश बबलू शुक्ला ने जो मांगें रखी हैं उन्हें भी पूरा किया जाएगा।

### *खराब फसलें हाथ में लेकर कार्यक्रम में पहुंचे किसान*



मुख्यमंत्री के सटई आने की खबर मिलने पर बिजावर क्षेत्र के ग्राम धरमपुरा के दर्जनों किसान पाला के कारण खराब हुई फसलें अपने हाथों में लेकर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। धरमपुरा के किसान हिसाबी ने बताया कि गांव के ज्यादातर किसानों की अरहर की फसल पाला के कारण खराब हो गई हैं। वे अपनी खराब फसलें सीएम को दिखाकर राहत राशि की मांग करने के लिए आए हैं। वहीं धरमपुरा गांव के सरपंच लल्लू खंगार ने बताया कि गांव के किसानों की अरहर की फसल को 90 फीसदी तक नुकसान हुआ है।

### *दुर्घटनाग्रस्त हुई कार्यक्रम में जा रही यात्री बस, एक दर्जन घायल*

मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए किशनगढ़ क्षेत्र के करीब ढाई दर्जन लोग यात्री बस में सवार होकर सटई जा रहे थे। इसी दौरान देवरा-किशनगढ़ मार्ग पर देवरा से करीब 4 किलोमीटर पहले अंधे मोड़ पर उक्त बस, सामने से आ रही हार्वेस्टर मशीन से टकरा गई। दुर्घटना में करीब एक दर्जन लोग घायल हो गए थे, जिन्हें एंबुलेंस की मदद से सटई के अस्पताल लाया गया। सटई में प्राथमिक उपचार के बाद 8 घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया। बताया गया है कि उक्त यात्री बस किशनगढ़ क्षेत्र के सेल्समैन पिंकी राजा द्वारा सीएम के कार्यक्रम में ले जाई जा रही थी, जिसमें लगभग ढाई दर्जन महिला-पुरुष सवार थे। जो लोग घायल हुए उनमें पिंकी राजा के अलावा किशनगढ़ निवासी रामचरण सेन, खन्ना साहू, नौनेलाल प्रजापति, फुल्ला साहू , नारायण, नाथूराम नामदेव, हरीनारायन पयासी, राधा, धनीराम, गणेश दुबे राईपुरा, पुरन लाल प्रजापति सचिव बाकीगिरोली और याकूब खान शामिल हैं।



# मुड़ेरी गॉंव में चली गोली, 22 वर्षीय युवक के जांघ में लगी गोली



राकेश सिंह

परिहार गर्जना न्यूज। लवकुशनगर । थाना अंर्तगत नगर से करीब 8 किलोमीटर दूर गोली चलने से 22 वर्षीय युवक घायल हो गया है। जानकारी के अनुसार विनोद तिवारी मुड़ेरी निवासी अपने खेतो में सिचाई के लिये पाईप लगा रहा था तभी अचानक उसके ऊपर लोगो ने हमला कर कट्टे से गोली मार दी जिससे गोली उसके जॉघ में जा लगी । घायल विनोद तिवारी ने बताया कि जब मै अपने खेत में पानी के लिये पाईप फैला रहा था लेकिन लाईट नही थी तो मै खेत में जाकर बैठ गया तो देखा कि वहॉं से 4-5 लोग आये और मेरे गले में पीछे से रस्सी डाली पकड़के मुझे मारने लगे और भूरा सिंह ने राईफल का फायर किया और मुझे बट मारी, और अन्य मुझे गाली गलौज करने । घायल विनोद तिवारी ने आरोप लगाया कि पॉंच लोग जिसमें छुट्टी मिश्रा, शंकर मिश्रा, गणेश मिश्रा, भूरा सिंह, और अरबिंद मिश्रा को गोली मारने का आरोप लगाया है। घायल ने बताया कि मेरा कोई पुरानी रंजिश नही है न ही मेरा किसी से बिवाद है वही घायल ने कहॉं कि उन लोगो ने कहॉं कि पप्पू गर्ग हाजिर होकर तुम लोगो की पूरी खेती जानवरो से चरवा लेने की बात कही । घटना की जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया जहॉं डॉ. एसपी शाक्यवार ने घायल विनोद तिवारी का प्राथमिक उपचार कर हालत खराब होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया । डॉ एसपी शाक्यवार ने बताया कि गोली जॉघ में लगी है जो वह अंदर है हालत खराब होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

इस संबंध में एसडीओपी नवीन दुबे का कहना है कि अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की जाकर अग्रिम कार्यवाही करेगे।

# यूपी के अपराधी को मंडल अध्यक्ष ... प्रथम पृष्ठ का शेष-

जमीनी कार्यकर्ता ही असली ताकत होते हैं।

भारतीय जनता पार्टी (भा.ज.पा.) के जमीनी कार्यकर्ताओं का यह आरोप है कि पार्टी अपने ही कार्यकर्ताओं को नजरअंदाज कर बाहरी और आपराधिक छवि वाले व्यक्तियों को महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्त कर रही है। इस तरह के निर्णय से कार्यकर्ताओं में यह महसूस हो रहा है कि भाजपा अपनों को पराया बना रही है, जिससे संगठन में असंतोष बढ़ रहा है। जमीनी कार्यकर्ताओं का कहना है कि वे पार्टी के लिए लंबे समय से संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन उनके स्थान पर बाहरी लोगों को प्राथमिकता दी जा रही है। यह स्थिति भाजपा के भीतर आंतरिक दरार और विश्वास की कमी को जन्म दे सकती है, जिससे पार्टी की एकजुटता पर असर पड़ सकता है।

इस निर्णय के पीछे के कारणों को समझना महत्वपूर्ण है। क्या यह निर्णय पार्टी की रणनीति का हिस्सा है या कोई और कारण है? इसके अलावा, यह निर्णय कार्यकर्ताओं और पार्टी के समर्थकों के बीच कैसी प्रतिक्रिया करेगा, यह भी देखना दिलचस्प होगा।

पार्टी की नीतियों पर उठ रहे सवाल

भाजपा कार्यकर्ताओं का यह भी कहना है कि भाजपा के नेता यह कहते हैं कि भाजपा कैडर वाली पार्टी है लेकिन अब इस पार्टी के सिद्धांतों पर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय कार्यकर्ताओं को नजरांदाज कर एक बाहरी आपराधि छवि वाले कांग्रेसी को मंडल अध्यक्ष बनाकर पार्टी ने कार्यकर्ताओं को निराश किया है।

अगर पार्टी की यही नीति एवं रीति रही तो वह दिन दूर नहीं जब भाजपा के जमीनी कार्यकर्ता पार्टी का काम छोड़कर घरों में बैठ जायेंगे और फिर इस पार्टी की भी वहीं हालत होगी जो कांग्रेस की है।

भाजपा जिलाध्यक्ष से नहीं हुआ संपर्क

जब इस पत्र के संवाददाता ने मंडल अध्यक्षों को लेकर पार्टी के अंदर हो रहे विरोध के संबंध में चर्चा करने के लिये भाजपा के जिलाध्यक्ष चन्द्रभान सिंह गौतम से संपर्क करने की कोशिश की तो संपर्क न हो पाने के कारण उनका पक्ष ज्ञात नहीं हो सका है।

**संपादक मंडल**

अजय परिहार सह संपादक 6232531835, दीपक रैकवार, प्रकाश कठल जिला ब्यूरोचीफ, कानूनी सलाहकार अरविन्द निरंजन एडवोकेट, विक्रम सिंह प्रबंध संपादक 7898634648

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक **रामबाबू सिंह परिहार** द्वारा फज्जू प्रिंटर्स शॉप नं.1 नगर पालिका कॉम्पलेक्स, सर्किट हाउस तिराहा, जवाहर रोड छतरपुर म.प्र.से मुद्रित कराकर कार्या.परिहार गर्जना सर्किट हाउस गेट जवाहर रोड छतरपुर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक-**रामबाबू सिंह परिहार**/ मो.नं.9406730853, 9755204916, 07682-358321